

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे


नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 55 | ग्वालियर शनिवार 26 नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान-

## 15 साल बाद सड़क पर नहीं दौड़ेंगे सरकारी वाहन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने आज यानी शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि सड़कों पर दौड़ रहे 15 साल पुराने सरकारी वाहनों को स्क्रैप में तब्दील कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही ऐसी नियम लाने जा रही है, जिसके अंतर्गत अब सड़कों पर 15 साल पुराने वाहनों को नहीं दौड़ने दिया जाएगा. अगर कोई ऐसा वाहन मिलता तो उसको तुरंत स्क्रैप में बदल दिया जाएगा. महाराष्ट्र में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि 15 साल बाद भारत सरकार या भारत सरकार के उपक्रमों की गाडियां हटानी होंगी, सड़कों पर नहीं दौड़ेंगी भारत सरकार ने यह नीति सभी राज्यों को भेज दी है. राज्य सरकारों को भी अपने दायरे में आने वाले विभागों में 15 साल पुरानी बसों, ट्रकों, कारों को बंद कर देना चाहिए. आपको बता दें कि इससे पहले यह नियम सरकार देश में पहले ही लागू कर चुकी है, जिसके अंतर्गत राजधानी दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पुराने पेट्रोल वाले वाहनों का संचालन प्रतिबंधित किया गया है. अगर ऐसे वाहनों का संचालन गैर-कानूनी करार दिया गया है और उनकों तुरंत स्क्रैप में बदल देने का प्रावधान किया है.

# देश आज गुलामी की मानसिकता को छोड़ अपनी विरासत पर गर्व कर रहा: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा , राज्यपाल जगदीश मुखी, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और अन्य ने दिल्ली में लचित बरफुकन की 400वीं जयंती समारोह में भाग लिया और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की. पीएम मोदी ने अहोम जनरल लाचित बरफूकन की 400वीं जयंती के अवसर पर उनपर लिखी किताब का विमोचन किया. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमें वीर लाचित की 400वीं जन्म जयंती मनाने का सौभाग्य उस कालखंड में मिला है जब देश अपनी आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है. यह ऐतिहासिक महोत्सव असम के इतिहास का एक गौरवशाली अध्याय है. वहीं, असम ष्टरू ने कहा कि जब औरंगजेब ने देश पर शासन किया तब छत्रपति शिवाजी, दुर्गादास राठौड, गुरु गोविंद सिंह, लाचित बरफूकन जैसे योद्धाओं ने उनको टिकने नहीं दिया।भारत में सिर्फ औरंगज़ेब, बाबर, जहांगीर, हुमायूं की कहानी नहीं बल्कि लाचित बरफूकन, छत्रपति शिवाजी, दुर्गादास, गुरु गोविंद सिंह की भी है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लाचित



बारफूकन भी ऐसे वीर थे। उन्होंने दिखाया कि कट्टरता और आतंक के हर आग का अंत हो जाता है, लेकिन भारत की जीवन ज्योती अमर बनी रहती है. जब कोई मुश्किल दौर, चुनौती खड़ी हुई तो उसका मुकाबला करने के लिए कोई न कोई विभूति अवतरित हुई. हमारी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान बचाने के लिए संत और मनीषी आए। भारत को तलवार की जोर से कुचलने का मंसूबा पाले, आक्रमणकारियों का मां भारती की कोख से जन्मे वीरों ने सामना किया. पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत का इतिहास सिर्फ गुलामी का इतिहास नहीं है। भारत का इतिहास योद्धाओं, विजय का इतिहास है. भारत का इतिहास अत्याचारियों के विरुद्ध अभूतपूर्व शौर्य और पराक्रम दिखाने का इतिहास है। भारत का इतिहास जय का है। भारत का इतिहास जंग का है, त्याग, तप का है...ॅ क्रूके कहा कि वीर लाचित बारफूकन का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि हम व्यक्तिगत स्वार्थों को नहीं, देश हित को प्राथमिकता दें. उनका जीवन हमें प्रेरणा देता है कि हमारे लिए परिवारवाद, भाई-भतीजावाद नहीं बल्कि देश सबसे बड़ा होना चाहिए... कह सकते हैं कि कोई भी व्यक्ति, रिश्ता देश से बड़ा नहीं होता.

## बहुविवाह, निकाह-हलाला के खिलाफ मामलों में संविधान पीठ बनाने पर सुप्रीमकोर्ट सहमत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को मुस्लिमों में बहुविवाह और निकाह-हलाला की प्रथा की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए संविधान पीठ के पुनर्गठन पर सहमत हो गया. 30 अगस्त को जस्टिस इंदिरा बनर्जी, हेमंत गुप्ता, सूर्यकांत, एम.एम. सुंदरेश और सुधांशु धूलिया की पांच जजों की संविधान पीठ ने याचिकाओं पर नोटिस जारी किया था. हालांकि, दो जज जस्टिस बनर्जी और जस्टिस गुप्ता अब रिटायर हो चुके हैं. गुरुवार को, याचिकाकर्ताओं में से एक अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ और न्यायमूर्ति हेमा कोहली और जेबी पारदीवाला की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया, जन्होंने कहा कि वह एक नई बेंच का गठन करेगी. बहुविवाह और निकाह-हलाला की प्रथा की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए कुल नौ याचिकाएं दायर की गई हैं.



बहुविवाह एक मुस्लिम पुरुष को चार पत्नियां रखने की अनुमति देता है, और एक बार एक मुस्लिम महिला को तलाक दे दिए जाने के बाद, उसके पति को उसे वापस लेने की अनुमति नहीं है, भले ही उसने नशे के हालत में तलाक दिया हो. जब तक कि उसकी पत्नी निकाह-हलाला से न गुजरे, जो उसे अन्य व्यक्ति के साथ निकाह करके, फिर तलाक के बाद वापस पहले पति के साथ निकाह में शामिल होने की इजाजत देता है. बहुविवाह और निकाह हलाला की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए मुस्लिम महिलाओं और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा याचिका दायर की गई है. इन मामलों को मार्च 2018 में तीन जजों की बेंच ने पांच जजों की बेंच को रेफर किया था. अगस्त में, शीर्ष अदालत ने केंद्र, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, विधि आयोग आदि को नोटिस जारी किया था और मामले की सुनवाई दशहरे की छुट्टियों के बाद निर्धारित की थी. उपाध्याय की याचिका में कहा गया है कि तीन तलाक, बहुविवाह और निकाह हलाला की प्रथा संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 का उल्लंघन है. याचिका में मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 की धारा 2 को असंवैधानिक और संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 का उल्लंघन घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई है, क्योंकि यह बहुविवाह और निकाह-हलाला को मान्यता देना चाहता है. याचिका में आगे कहा गया, यह तय है कि पर्सनल लॉ पर कॉमन लॉ की प्रधानता है. इसलिए, यह अदालत घोषित कर सकती है कि तीन तलाक आईपीसी की धारा 498ए के तहत क्रूरता है, निकाह-हलाला आईपीसी की धारा 375 के तहत बलात्कार है, और बहुविवाह आईपीसी की धारा 494 के तहत एक अपराध है.

### आधे शरीर के सहारे लंगड़ा रहा स्ट्रीट डॉग, लोग पास आए तो होश हो गए फाख्ता

नई दिल्ली। कई बार कैमरे में ऐसी तस्वीरें कैद हो जाती हैं, जिन्हें देखने के बाद हर कोई सकते में आ जाता है. यही तस्वीरें अगर कुछ ज्यादा ही विचित्र हों तो सोशल मीडिया पर वीडियो जंगल में आग की तरह फैल जाता है. घंटों भर में वीडियो पर मिलियन व्यूज हो जाते हैं. ऐसा ही एक नया वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है. नया वीडियो एक स्ट्रीट डॉग का है. महज 32 सेकंड के इस वीडियो को देखने के बाद आप भी अपने दांतो तले उंगली दबाने को मजबूर हो जाएंगे. जाहिर है सोशल मीडिया पर स्ट्रीट डॉग्स के कई वीडियो वायरल होते हैं. जानवरों से जुड़े ये वीडियो कई बार इतने मजेदार होते हैं कि हर किसी को गुदगुदा जाते हैं. ऐसा ही इस नए वीडियो में होता है. एक स्ट्रीट डॉग को देख कर हर किसी का दिल पसीज रहा है कि क्योंकि वीडियो में नजर आ रहा डॉग लंगड़ा कर चल रहा है. डॉग के लंगड़ा कर चलने से लगता है जैसे उसके पैरों में चोट लगी हो. चोट की वजह से डॉग दर्द में हो और चल भी नहीं पा रहा हो, लेकिन जैसे ही इस वीडियो को आगे तक पूरा देखते हैं पूरा मामला ही पलट जाता है. महज लास्ट के 3-4 सेकंड्स में पूरा मामला ही उलट जाता है. डॉग पर तरस खाते लोग डॉग को देख कर सर पकड़ लेते हैं क्यों कि वह असल में नाटक कर रहा था. डॉग अपने शरीर को इस तरह से स्ट्रैच करता है मानो वह बहुत तकलीफ में है और चल भी नहीं पाएगा. वहीं पल भर में यही तस्वीरें बदल जाती हैं जब यही बेचारा डॉग नॉर्मल होकर चलने लगता है.

## पेट्रोल- डीजल की कीमतों में कितना हुआ आज बदलाव

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियों ने शुक्रवार के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों को अपडेट कर दिया है. आज भी घरेलू बाजारों में तेल पुरानी कीमत पर ही बिकेगा यानि तेल की कीमतों में कोई नया बदलाव नहीं हुआ है. ग्लोबल मार्केट में ब्रेंट क्रूड की कीमत 85.37 डॉलर प्रति बैरल तो ओपेक बास्केट में तेल का भाव 85.19 डॉलर प्रति बैरल अपडेट हुआ है. जानकारी हो कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें रोजाना सुबह 6 बजे अपडेट की जाती हैं. वैसे तो ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों के घटने- बढ़ने का सीधा असर घरेलू मार्केट में तेल की कीमतों पर पड़ता है लेकिन पिछले कुछ समय से पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं.



## आफताब का फिर होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

**दिल्ली।** राजधानी दिल्ली का सबसे चर्चित केस बने चुके श्रद्धा मर्डर केस की गुत्थी सुलझने का नाम नहीं ले रही है. इस मर्डर मिस्ट्री की गांठ खोलने के लिए दिल्ली पुलिस ने कल आरोपी आफताब अमीन पूनावाला का पॉलीग्राफ टेस्ट भी कराया. लेकिन खबर मिली है कि आज यानी शुक्रवार को एक फिर आफताब का पॉलीग्राफ कराया जाएगा. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या गुरुवार को पॉलीग्राफ टेस्ट की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी, या आफताब इस लाई डिटेक्टर टेस्ट को भी धता बताने में कामयाब रहा. दरअसल, पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आफताब ने कल पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान सहयोग नहीं किया था और उसकी तबीयत भी ठीक नहीं थी, जिसकी वजह से आरोपी को आज फिर इस प्रक्रिया से होकर गुजरना पड़ेगा. फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) के पीआरओ संजीव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आफताब को फीवर आने की वजह से पॉलीग्राफ टेस्ट पूरा नहीं हो पाया था. शुक्रवार को उसकी तबीयत में सुधार होने पर एकबार फिर टेस्ट करवाया जाएगा. वहीं, एफएसएल की डायरेक्टर दीपा वर्मा ने बताया कि आफताब के पॉलीग्राफ टेस्ट के कई और भी सेशन हो सकते हैं. हालांकि उन्होंने टेस्ट जुड़ी ज्यादा बातें शेयर करने से मना कर दिया. आपको बता दें कि पॉलीग्राफ के बाद आफताब का नार्को टेस्ट भी होना है. आपको बता दें कि श्रद्धा मर्डर केस में अभी कई अहम सुराग पुलिस की पहुंच से दूर हैं. पुलिस श्रद्धा का सिर, उसका मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियार को अभी तक बरामद नहीं कर पाई है. हालांकि पुलिस आफताब पूनावाला से लगातार पूछताछ कर रही है, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लग रही है. पुलिस को लग रहा है कि आफताब जांच के दौरान लगातार झूठ बोल रहा है और उनको गुमराह कर रहा है. यही वजह है कि पुलिस ने कोर्ट से आफताब का नार्को टेस्ट और पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की अनुमति मांगी थी.



## न्यूज ट्रैक

### आप आदमी पार्टी के नेता संदीप भारद्वाज किया सुसाइड, जांच में जुटी पुलिस



**नई दिल्ली।** राष्टीय राजधानी दिल्ली के बड़ी खबर सामने आई है. यहां सत्तारूढ़ दल आम आदमी पार्टी के एक कार्यकर्ता संदीप भारद्वाज ने कल अपने आवास पर आत्महत्या कर ली। सीआरपीसी की धारा 174 के तहत पूछताछ की कार्रवाई की जा रही है. वह,क्ट्रेड विंग, दिल्ली के सचिव थे और राजौरी गार्डन में भारद्वाज मार्बल्स के मालिक थे. दिल्ली पुलिस ने इस मामले की जानकारी दी. वहीं, आप नेता संदीप भारद्वाज की सुसाइड को लेकर सियासी बयानबाजी शुरू हो गई है. पुलिस जानकारी में सामने आया है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है. बताया जा रहा कि आप नेता पिछले दो दिनों से अपने घर से बाहर नहीं निकले थे.दिल्ली पुलिस के पश्चिमी जिला डीसीपी घनश्याम बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि कल यानी गुरुवार शाम करीब साढ़े चार बजे पुलिस के संदीप भारद्वाज के सुसाइड की जानकारी मिली थी. पुलिस पूछताछ में परिजनों ने बताया कि लंच करने के बाद संदीप ऊपर अपने रूम में चले गए थे. उसके बाद वो काफी टाइम तक नीचे नहीं उतरे. घरवालों के शक हुआ तो उन्होंने ऊपर कमरे में जाकर देखा, जहां संदीप पंखे से लटके हुए थे. संदीप को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी.सांसद मनोज तिवारी ने इसको लेकर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि मेरे हिसाब से यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है. वह टिकट के दावेदार थे लेकिन जिस तरह के सबूत सामने आ रहे यह किसी भी तरह से आत्महत्या नहीं लग रही. वह जिस सीट से( चुनाव ) लड़ने वाले थे उस टिकट को बेच दिया गया। आत्महत्या के लिए मजबूर करना भी हत्या के समान होता है. इसके साथ ही दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि एक तरह से मनोज तिवारी ने अरविंद केजरीवाल को धमकी दी है जिससे साफ होता है कि अरविंद केजरीवाल की हत्या करने की साजिश की जा रही है. हम इसकी शिकायत चुनाव आयोग में करेंगे और मामले में एफआईआर कराएंगे।

### मदद करने वाले शख्स पर चिल्लाना दीपिका कक्कड़ को पड़ा भारी

**मुंबई।** ससुराल सिमर का फेम दीपिका कक्कड़ ने इन दिनों खूब सुर्खियों में हैं. पिछले दिनों लोग उन्हें अपनी ननद सबा इब्राहिम की शादी के कपड़े को लेकर ट्रोल कर रहे थे. अब दीपिका के साथ हुई पिछली घटना ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. लोग उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं. आपको बता दें एक्ट्रेस का एक वीडियों इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में पिछली रात टीवी अभिनेत्री को काले अनारकली सूट में सजा-धजा हुआ देखा गया, वह अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ नजर आई. दरअसल दीपिका अपने पति के साथ एक इवेंट में गई थीं. उसके बाद जब वो इवेंट से बाहर निकलीं तो अचानक चलते चलते उनका बैलेंस बिगड़ गया और वो गिरते गिरते बचीं. इतने में एक शख्स जो दीपिका के ठीक पीछे चल रहा था, उसने दीपिका को बचाने के लिहाज से अपना हाथ आगे बढ़ाया, लेकिन दीपिका को शख्स की ये बात रास नहीं आई. दीपिका गुस्से में उसका हाथ झटका देती है और उसे आंखे दिखाती हैं.इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर कोहराम मचा दिया है. हमेशा मुस्कुराने वाली दीपिका के व्यवहार को लेकर यूजर्स तरह तरह के कमेंट कर रहे हैं.



## दिल्ली में दमघोंटू हवा फिर लाई आफत

**दिल्ली।** राष्टीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण एकबार फिर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया है. दिल्ली की इस दमघोंटू फिजा ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है. हालांकि दिल्लीवासियों को जहरीली हवा से बीच में जरूर थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन राजधानी एकबार फिर स्मॉग की सफेद चादर से लिपटी नजर आई. एनसीआर की बात करें तो नोएडा में धुंध का असर कुछ ज्यादा दिखाई दिया. यहां कई इलाकों में अंधेरा अपेक्षाकृत कुछ ज्यादा देखा गया. मौसम विभाग ने भी दिल्ली-एनसीआर में अभी ऐसे ही हालात बने रहने की बात कही है. केंद्रीय



प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में वायु गुणवत्ता का स्तर कुछ इस प्रकार रहा- आनंद विहार में 300 के पार 326 रिकॉर्ड किया गया. नोएडा में 282 और गाजियाबाद में 221 रिकॉर्ड किया गया. इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा में 215, फरीदाबाद में 284 और गुरुग्राम में 329 दर्ज किया गया. आपको बता दें कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में पिछले तीन दिनों से हवा का लेवल बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है. इससे पहले बुधवार को भी लेवल 213 दर्ज किया गया था. पुणे की रिपोर्ट में बताया गया कि शुक्रवार को दिल्ली के एक्यूआई लेवल में वृद्धि देखने मिल सकती है. जबकि 26 व 27 नवंबर को राहतभरे हालात रहने की संभावना है.

# पुलिस ने दोस्तों के बयान कोर्ट में दर्ज कराए, दोनों ने कही एक ही बात

**नई दिल्ली।** श्रद्धा वॉल्कर हत्याकांड में एक तरफ पुलिस आफताब पुनेवाला का पॉलीग्राफ टेस्ट पूरा करने की प्रक्रिया में जुटी हुई है. वहीं दूसरी ओर आफताब को जानने वाले लोगों के बयान दर्ज करा रही है. पुलिस श्रद्धा और आफताब के दो दोस्तों के बयान साकेत कोर्ट में दर्ज कराए हैं. उन्होंने अदालत को बताया कि आफताब श्रद्धा को मारता-पीटता था. इसके साथ जान से मारने की धमकी देता था. इन दोस्तों के बयान से यह साफ हो चुका है कि आफताब और श्रद्धा के बीच अक्सर लड़ाई होती रहती थी. पुलिस ने ऐसे कई तथ्य एकत्र कर लिए हैं जो यह साबित करते हैं ?कि श्रद्धा पर इससे पहले आफताब कई बार हाथ उठा चुका था. पुलिस एक और कॉमन फ्रेंड को तलाशने में जुटी है जो बेंगलुरु में रहता था. दिल्ली पुलिस उससे संपर्क साधने की कोशिश कर रही है.



दूसरी तरफ आज पुलिस आफताब का पॉलीग्राफ टेस्ट पूरा कराने की कोशिश में लगी है. गुरुवार को आफताब की तबीयत ठीक न होने के कारण पॉलीग्राफ टेस्ट पूरा नहीं हो पाया. इसके बाद नार्को टेस्ट भी किया जाएगा. यह प्रक्रिया करीब दो चार दिन और जारी रहने वाली है. पुलिस अब आफताब से अहम सबूतों को एकत्र करने का प्रयास कर रही है. आपको बता दें कि आफताब और श्रद्धा लिव-इन पार्टनर थे. दोनों छतरपुर में किराए के मकान में रहते थे. इस दौरान आफताब ने श्रद्धा की हत्या कर उसके शव के 35 टुकड़ों में कर दिए. उसके शव को कई दिनों तक रेफ्रिजरेटर में रखा. इसके बाद महीनों तक उसके शव के टुकड़ों को जंगल में फेंकता रहा. पुलिस ने बीते 12 नवंबर को आफताब को पकड़ा था. उसने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल किया है. इस मामले को लेकर पूरे देश में उबाल और रोष है. लोग इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

# मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया शुक्रवार को शिवपुरी भ्रमण पर रही और स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक की और विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि गांव की जो सड़कें खराब अवस्था में है उनकी मरम्मत कराई जाए। उनके द्वारा भ्रमण के समय ग्रामीणों द्वारा जो समस्या बताई जाती है उन आवेदनों का निराकरण समय सीमा निर्धारित करके करें। उन्होंने शिवपुरी जनपद सीईओ को सख्त निर्देश दिए हैं कि विधानसभा क्षेत्र में गांव में जो भी निर्माण कार्य लंबित हैं जिनकी स्वीकृति हो चुकी है उन कार्यों को जल्दी प्रारंभ करें और इसकी सूचना कार्यालय को भी उपलब्ध कराएं। इसके अलावा शहर में हो रहे अतिक्रमण पर चर्चा की और एडीएम एसडीएम और नगर पालिका सीएमओ को टीम बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने निर्देश देते हुए कहा कि टीम भ्रमण करें। जहां कहीं अतिक्रमण है उनके विरुद्ध कार्यवाही करें। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, डीएफओ मीना मिश्रा, एडीएम विवेक रघुवंशी, जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



**मंगलम संस्था में दिव्यांग जनों को उपकरण वितरित किए**-मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने शिवपुरी भ्रमण के दौरान कई स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने मंगलम संस्था द्वारा आयोजित दिव्यांगजन उपकरण वितरण शिविर में भी भाग लिया। संस्था के सदस्यों द्वारा मंगलम संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। जिन दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किए गए हैं और सहायक उपकरण के कारण दिव्यांगजनों की जिंदगी आसान हुई है। वह चलने फिरने में समर्थ हुए हैं। ऐसे कई दिव्यांगजन और उनके परिजन भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने उनसे मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

## 1857 की वीरांगना झलकारी बाई की कोली समाज कोलारस ने मनाई जन्म जयंती

**अरुण कुशवाह कोलारस रिपोटर पुष्पांजलि टुडे**



कोलारस द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ वीरांगना झलकारी बाई की जयंती मनाई गई जिसमें सभी कोली समाज के महानुभाव उपस्थित रहे अध्यक्ष गोपाल कोली और हरिशंकर कोली महंत श्री सोहन दास जी साहेब देवीलाल मेरिया जी बृजमोहन कोदारिया जी रामपुर से आए अब हमारे पूर्व सरपंच जी के छोटे भाई रामवीर जी पूजा राम जी गोपाल जी के द्वारा वाले कैलाश कोली जी संजीव कोहली जी राजेंद्र कोली जी राहुल कोली जी शिवम जी मूलचंद कोली जी विवेक कोहली जी।

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए कमिश्नर जबलपुर आज कलेक्ट्रेट में लेंगे बैठक

### सांसद, विधायक एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी बैठक में होंगें शामिल

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश, द्वारा जबलपुर संभाग के आयुक्त बी. चंद्रशेखर को बालाघाट, जबलपुर, छिंदवाड़ा एवं कटनी जिले में मतदाता सूची के 01 जनवरी 2023 की अर्हता तिथि के आधार पर पुनरीक्षण कार्य के लिए रोल प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। कमिश्नर एवं रोल प्रेक्षक श्री चन्द्रशेखर 26 नवंबर 2022 को बालाघाट जिले के भ्रमण पर रहेंगें और मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण एवं समीक्षा करेंगें। रोल प्रेक्षक 26 नवंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठक लेंगें। इस बैठक में सांसद, विधायक एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगें। मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत के लिए रोल प्रेक्षक श्री बी चन्द्रशेखर के मोबाईल नंबर 9425418548 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## शिमला मिर्च से भरा आइसर वाहन पलटा 2 मजदूरों की मौत 1 दर्जन मजदूर घायल



**अरुण कुशवाह कोलारस रिपोटर पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-जिले के रन्नौद थाना क्षेत्र में शिमला मिर्च से भरा हुआ एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया ट्रक में चालक सहित 12 मजदूर सवार थे। इस हादसे में दो मजदूरों की मौत की हुई है। जानकारी के अनुसार रन्नौद से एक ट्रक में शिमला मिर्च को भरकर दिल्ली की ओर ले जाया जा रहा था ट्रक में सेसई स?क के अधिकतर मजदूर सवार थे जो अपने घर जा रहे थे। ट्रक सजाई और पचावला के बीच एक अंधे मोड़ की पुलिया पर आकर पलट गया। इस हादसे में कई मजदूर ट्रक के नीचे दबने से बुरी तरीके से घायल हुए है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची रन्नौद थाना पुलिस ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों की मदद से ट्रक में दबे सभी मजदूरों को बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों की माने एक मजदूर ट्रक के नीचे करीबन एक घंटे तक दवा रहा जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र सहित शिवपुरी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में लाखन यादव निवासी सेसई सड़क और शैलू परिहार की मौत हुई है। इस हादसे में हक्कू परिहार पुत्र संतोष परिहार उम्र 24 वर्ष निवासी सेसई सड़क, जगदीश योगी पुत्र अशोक योगी उम्र 33 वर्ष निवासी सेसई सड़क, मनोज कुमार लोधी पुत्र प्रेम सिंह लोधी उम्र 25 वर्ष निवासी कासगंज उत्तर प्रदेश, अंकित यादव पुत्र धीरज यादव उम्र 24 वर्ष निवासी सेसई सड़क, धर्मेंद्र ओझा पुत्र प्रेम चंद्र ओझा निवासी सेसई सड़क, विक्की ओझा पुत्र शिवचरण ओझा निवासी सेसई सड़क, विक्की जाटव पुत्र रामवीर जाटव निवासी सेसई सड़क घायल हुए हैं।

## छत्रसाल महाविद्यालय में हिंदी विषय में विशेषज्ञ व्याख्यान हुआ संपन्न

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**पिछोर।** शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी में विश्व बैंक परियोजना (आइक्यूएसी) मध्यप्रदेश शासन के तत्वावधान में हिंदी विषय में विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय था गोदान में ग्रामीण जीवन एवम् कृषि संस्कृति का चित्रण। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के संरक्षक डॉ एसएस गौतम ने की उन्होंने अपने स्वागत भाषण में विशेषज्ञ वक्ता का एवं छात्र छात्राओं का स्वागत किया साथ ही उन्होंने गोदान की के किसान जीवन की यथार्थ भाव भूमि को छात्रों के मध्य रखा। कार्यक्रम में विशेषज्ञता वक्ता के रूप में डॉ. निलय गोस्वामी (प्राचार्य इंदरगढ़ जिला दतिया) ने अपने उद्बोधन में मुंशी प्रेमचंद की गोदान में किसान जीवन की महागाथा को अत्यंत मर्मस्पर्शी वक्तव्य के साथ रखा। उन्होंने गोदान के पात्र होरी, गोबर, झुनिया का हुवहू चित्रण अपने वक्तव्य में किया। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को हिंदी साहित्य में विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण उपन्यासों कर्मभूमि, रंगभूमि, गबन, श्रीलाल शुक्ल के राग दरबारी तथा नरेश मेहता के उपन्यास यह पथ बंधु था का अध्ययन करने का भी आग्रह किया। मंच स्थ अतिथियों का स्वागत डॉ अरविंद सिंह यादव एवं डॉ अंजू सिहारे के द्वारा किया गया विश्व बैंक परियोजना के समन्वयक डॉ केशव सिंह जाटव रहे एवं सह समन्वयक डॉ अक्षय कुमार जैन रहे। विशेषज्ञों का विस्तृत परिचय डॉक्टर अरविंद



सिंह द्ययादव ने कराया कार्यक्रम का आभार कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ अंजू सिहारे के द्वारा व्यक्त किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर कमल किशोर यादव ने किया। विशेषज्ञ वक्ता एवं अतिथियों को प्राचार्य महोदय के द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान प्रदान किया गया।विशेषज्ञ व्याख्यान में तकनीकी संसाधनों का कुशल प्रस्तुतीकरण श्री राजेंद्र हिमोरिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यशाला में प्रोफेसर नरसिंह भिड़े डॉक्टर शैलेंद्र पाठक डॉक्टर बबीता बाथम, प्रोफेसर जगदीश आर्य डॉक्टर करण सिंह जाटव प्रोफेसर सतीश माहोर, डॉ गिरीश नीखरा, श्री शिव तीर्थ चतुर्वेदी, श्रीमती कविता पाराशर, डॉक्टर प्रिया पवैया श्री महेश अहिरवार, अनुभा कोठारी, वर्षा निगम श्री शोभाराम गौतम श्री दिनेश कुमार, श्री प्रकाश भट्ट, श्री दर्शन लाल, नैंसी गुप्ता, वर्षा निगम,के अतिरिक्त समस्त महाविद्यालय का कार्यालय स्टॉप एवं अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## किसान भाइयों को रक्तदान करने प्रेरितः समाजसेवी पटेल

**पुष्पांजलि टुडे**

**गरियाबंद।** छुरा-धान मंडी कनसिघी पहुंचकर समाजसेवियों ने किया किसानों को रक्तदान करने अपील। किसानों ने समाजसेवियों का सम्मान करते हू इस नेक कार्य के लिए हौसला बढ़ाया साथ ही साथ अपने घर परिवार रिश्तेदारों सभी सदस्यों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का आश्वासन दिया साथ ही इस पहल के लिए आशीर्वाद दिया ! समाजसेवी व रेडक्रास सोसायटी संरक्षक सदस्य मनोज पटेल ने गरियाबंद जिले में लगातार आदिवासी बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर रक्तदान करने युवाओं को लगातार प्रेरित कर रहे हैं। समाजसेवी पटेल जी ने कहा रक्तदान शिविर के साथ साथ गांव गांव जाकर जिले के समाजसेवीयो द्वारा लोगों को प्रेरित करने रेखराम ध्रुव भी अपना पूरा समय दान देते आ रहे हैं।



## मरदाकला मैं कृषि केंद्र गरियाबंद के द्वारा सरसो बीज एजोसपाइरिलस पी. सी. बी. का किया गया वितरण



**गरियाबंद।** पंचायत - मरदाकला मे कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद के द्वारा ,,समुह अग्रिम पंकित प्रदर्शन- सरसो बीज ,एजोसपाइरिलस, पी एस बी ,का वितरण किया गया , जिसमे मुख्य अतिथी- युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव एव वैध राज संघ जिला सचिव एव मगधा यादव समाज जिला सह सचिव गरियाबंद- यशवंत कुमार यादव के द्वारा वितरण किया गया जिसमे प्रमुख रूप से - डॉ शालू अब्राहम विषय विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद,,युवा कांग्रेस जिला सह सचिव -नेपाल सोरी, उदराज सोरी, दीनदयाल साहु वाहन चालक, किसानो का नाम- शिवलाल मरकाम, नेपाल सोरी, चव्वन मरकाम, कल्याण नेताम, संतराम सोरी,अंजोर सिह मरकाम, श्याम नेताम, कुष नेताम, छगन सिह सोरी,सुबरन मरकाम, प्रीतम नेताम, इत्यादी किसान उपस्थित थे।

## किसान उत्पादक संगठन निर्माण हेतु किसानों का बैठक ग्राम मरदाकला में की गई आयोजित

आज। दिनांक को-ग्राम पंचायत- मरदाकला तह, जिला गरियाबंद में यशवंत कुमार यादव के नेतृत्व में किसान उत्पादक संगठन निर्माण हेतु किसानों की बैठक ग्राम- मरदाकला में आयोजित की गई। इस बैठक कार्यक्रम का मुख्य अतिथी-श्री निर्मल कुमार अवस्थी जी,संजय कुलदीप सर जी, जिलाध्यक्ष वैध कल्याण सिह नेताम, जिला उपाध्यक्ष वैध- संत राम सोरी, युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव एव वैद्य संघ जिला सचिव एव मगधा यादव समाज जिला सह सचिव गरियाबंद-यशवंत कुमार यादव और ,सभी वैधराजो , किसान भाईयो के द्वारा भगवान- धन्वंतरीय महराज जी की पुजा अर्चना करके बैठक कार्यक्रम को प्रारंम्भ किया गया ,जिसमें एन सी डी सी भारत सरकार के द्वारा स्वीकृत एवं जिला प्रशासन गरियाबंद के मार्गदर्शन में एफ पी ओ के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। एन सी डी सी भारत सरकार ने सोनाको इंडिया नई दिल्ली को इस कार्य हेतु अधिकृत किया गया है। इस बैठक में सोनाको इंडिया के प्रति निधि- निर्मल कुमार अवस्थी एवं - संजय कुलदीप द्वारा पीएम एफ पी ओ योजना की विस्तृत जानकारी किसानों को दिया एवं किसान भाईयों एवं बहनों को उनके उत्पादों एवं प्राकृतिक संसाधनों के मूल्य संवर्धन लाभ हेतु एफ पी ओ के लिए उपयोगी एवं जरूरी बताया। इस अवसर पर परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ जिलाअध्यक्ष गरियाबंद वैद्य- कल्याण सिंह , जिला उपाध्यक्ष वैध - संत राम सोरी,वैध राज संघ जिला सचिव एव युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव एव मगधा यादव समाज जिला सह,सचिव गरियाबंद -यशवंत कुमार यादव एवं किसान भाई बहनों की उपस्थिति रही सभी ने इस योजना के माध्यम से एफ पी ओ के गठन हेतु स्थानीय अन्य किसानों के बीच जागरूकता अभियान चला कर सदस्य ई, सुसिला बाई, नैन बाई, ऊषा बाई, जगदेव, गौकरण, दरबार सिह, बिसाहु राम, भागीरथी, प्रवीण दीवान, यशवंत नेताम, धनेश राम मरकाम, रामचंद्र भुजिया, भगवान सिह, किशोर कुमार



बनाने का संकल्प लिया जिसमे प्रमुख रूप से- वैध राज संघ गरियाबंद ब्लाक उपाध्यक्ष वैध सुबरन मरकाम, बलीराम सोरी, श्याम लाल नागेश, धनसाय माझी,देवलु राम, पुर्णिमा बाई, सिर बा पाड़े, हरपाल, शोभा राम, बलीराम, नरसिह, तेजराय, शुशील, प्रीतम नेताम, हरीशंकर नेताम, एंव बड़ी संख्या मे वैधराज, किसान उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

## विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा कार्यकर्ता समर्पण भाव से जुड़कर कार्य करें दौलत राम गुप्ता

**सबलगढ़** – सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा चुनाव प्रभारी दौलतराम गुप्ता ने भाजपा कार्यकर्ताओं से जेपी पैलेस में आयोजित मीटिंग के दौरान कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक हैं आप सभी संगठनों के एवं प्रकोष्ठे के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने कार्यों में वूथो पर जाकर अपने अपने कार्य में जुट जावे जिससे भाजपा को विजय श्री मिल सके बैठक मैं मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता एवं मुख्य वक्ता श्योपुर के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सबलगढ़ विधानसभा प्रभारी दौलतराम गुप्ता उपस्थित थे सर्वप्रथम भाजपा के पित्र पुरुष श्यामाचरण मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया योगेशपालगुप्ता ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा को विजई बनाएं दोलतराम गुप्ता ने कहा कि सभी पार्टी के प्रति समर्पित भाव से विश्वास के साथ पार्टी द्वारा चयनित प्रत्याशी को विजयश्री दिलाने में पूर्ण सहयोग करें,/अवघेश गोयल ने मंचासीन सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा आभार प्रमोद सिंह जादौन सरपंच एवं ग्रामीण अध्यक्ष ने किया वैठक का कुशल संचालन पवन राठौर द्वारा किया गया इस अवसर पर डा,मनु शर्मा समाजसेवी जिला उपाध्यक्ष सुनीता अतर सिंह रावत जनपद अध्यक्ष सोने राम घाकड़ नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला राजेंद्र मरैया अशोक गौड़ विजय जादोनसंजय फक्कड़ बनवारी धाकड़ डॉ राजेश गौड़ भूप सिंह रावत पूर्व सरपंच आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा कार्यकर्ता समर्पण भाव से जुड़कर कार्य करें दौलत राम गुप्ता

सबलगढ़। सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा चुनाव प्रभारी दौलतराम गुप्ता ने भाजपा कार्यकर्ताओं से जेपी पैलेस में आयोजित मीटिंग के दौरान कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक हैं आप सभी संगठनों के एवं प्रकोष्ठो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने कार्यों में वूथो पर जाकर अपने अपने कार्य में जुट जावे जिससे भाजपा को विजय श्री मिल सके बैठक मैं मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता एवं मुख्य वक्ता श्योपुर के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सबलगढ़ विधानसभा प्रभारी दौलतराम गुप्ता उपस्थित थे सर्वप्रथम भाजपा के पित्र पुरुष श्यामाचरण मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया योगेशपालगुप्ता ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा को विजई बनाएं दोलतराम गुप्ता ने कहा कि सभी पार्टी के प्रति समर्पित भाव से विश्वास के साथ पार्टी द्वारा चयनित प्रत्याशी को विजयश्री दिलाने में पूर्ण सहयोग करें,/अवघेश गोयल ने मंचासीन सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा आभार प्रमोद सिंह जादौन सरपंच एवं ग्रामीण अध्यक्ष ने किया वैठक का कुशल संचालन पवन राठौर द्वारा किया गया इस अवसर पर डा,मनु शर्मा समाजसेवी जिला उपाध्यक्ष सुनीता अतर सिंह रावत जनपद अध्यक्ष सोने राम घाकड़ नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला राजेंद्र मरैया अशोक गौड़ विजय जादोनसंजय फक्कड़ बनवारी धाकड़ डॉ राजेश गौड़ भूप सिंह रावत पूर्व सरपंच आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शासकीय विधालय की लापरवाही की खुल गई पोल तो बच्चे के पिता को धमकाया


## एक शिक्षक बोले तुम अब कुछ करलो आलमपुर के है हम, तो दूसरे ने दी एफआईआर कराने की धमकी






**आलमपुर।** भिण्ड जिले के आलमपुर क्षेत्र के ग्राम गांगेपुरा के एकीकृत शासकीय हाईस्कूल में पदस्थ शिक्षकों की दबंगाई तब सामने आई जब विद्यालय में चल रही लापरवाहियो की पोल खुल गई।जिस दौरान विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों द्वारा विद्यालय की अनिमितताओं को रोकने के लिए बच्ची के पिता से अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली गलौच भी कर डाली और कह डाला कि हम आलमपुर के है हम किसी से नही डरते है।दरअसल मामला 23 नबम्बर 2022 की सुबह का है जब गांगेपुरा निवासी रविन्द्र गुप्ता विद्यालय में अपनी बच्ची को पढने के लिए छोड़ने पहुँचे थे जिस दौरान जब वह वहां थोड़ी देर स्कूल परिसर में शिक्षको के लेट आना व बच्चों का अंदर न जाना आदि गतिविधियां देखते रहे तो विद्यालय में पदस्थ शिक्षक कमलेश रायकवार उनपर आगबबूला होते नजर आए।जिस दौरान शिक्षक व बच्ची के पिता की आपस मे जमकर बहस हो गई।बहस के दौरान शिक्षक कमलेश रायकवार ने बच्ची के पिता के विद्यालय परिसर में खड़े रहने पर आपत्ति जताई जिस दौरान उन्होंने बच्ची के पिता से गाली गलौच की साथ ही हम आलमपुर के है हम किसी से न डरते आदि तक कह डाला।तो वहीं मौजूद दूसरे शिक्षक ने बच्ची के पिता को शासकीय कार्य मे बाधा डालने का हवाला देते हुए उस पर स्रढ्क्र कराने तक कि बात कह डाली।

**विधालय में पड़ने गए बच्चे मिले बर्तन धोते**–बच्चो को उनके परिजन विद्यालय में पड़ने के लिए भेजते है परन्तु गांगेपुरा के एकीकृत शासकीय हाईस्कूल का हाल ही कुछ अलग है यहां पर स्कूल में पड़ने गए बच्चो से मध्यान भोजन मिलने के बाद उनसे मिट्टी से जूठे बर्तन धुलवाए जाते हैं।फिलहाल तो वीडियो 24 नबम्बर 2022 का है।जब इस बारे में विद्यालय के प्राचार्य से बात की तो उन्होंने अपना पल्ला झाड़ते हुए स्वसहायता समूह के ऊपर डाल दिया।फिलहाल तो विद्यालय में शिक्षकों का काम होता है बच्चो को शिक्षा देना परन्तु बच्चो से विद्यालय में जूठे बर्तन धुलवाना व बच्चों के पिता से शिक्षकों द्वारा गाली गलौच कर अभद्र भाषा का प्रयोग करना व धमकाना अशोभनीय है।फिलहाल तो बच्ची के पिता ने विद्यालय प्रचार्य को एक शिकायती आवेदन भी सौंपा है तो वही जिला कलेक्टर महोदय से शिक्षको पर कार्यवाही की मांग भी की है।बच्ची के पिता का आरोप है कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षक विद्यालय परिसर में ही धूम्रपान भी करते है जिससे बच्चो पर गलत असर पड़ता वहीं उन्होने बताया की बच्चो को मध्यान भोजन भी समय पर नही मिलता है।वहीं देखा जाए तो लहार तहसील के हर विद्यालय में ऐसी अनिमितताएँ हैं परंतु तहसील स्तर के अधिकारी कभी भी कोई कार्यवाही नही करते हैं।अब देखना यह होगा कि कलेक्टर महोदय ऐसे शिक्षकों पर क्या कुछ कार्यवाही करते हैं।



### इनका कहना है

गांगेपुरा विद्यालय का मामला संज्ञान में आया है, सही तरीके से दिखवा रहे हैं इस मामले को।

**श्री प्रवीण फुलपगारे**
**एडीएम भिण्ड**

2-विद्यालय के प्राचार्य से मामले की जानकारी लेता हूं,उचित कार्यवाही की जाएगी।

**शैलेन्द्र सिंह कुशवाहा**
**बीआरसी लहार**

# ग्राम रुपाबई मैं पहुंचे जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत

पवन विश्वकर्मा पुष्पांजलि टुडे



मौं मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह के कार्यकाल सफलतम तीन बर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया सम्मान नवनियुक्त जिला अध्यक्ष देविन्द नरवरिया जी ग्राम रुपाबई प्रथम आगमन् पर स्वागत किया श्री नरवरिया जी ने कष्ट हरण सरकार के दर्शन कर ब्रक्षा रोपड़ किया बही श्री रघुबीर पवैंया ने कहा तीन साल तक गोपाल सिंह ने सभी पदाधिकारी एंव बरिष्ट लोगो के साथ मिलकर कार्य किया बह बहुत ही सरहानीय रहा अभी जो कार्यकाल बचा हे उसे ओर अच्छे तरीके से निर्वाह करे सबका साथ सबका बिकाश किया इस अबसर पर उपेन्द्र शर्मा रक्षपाल सिंह मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह रघुबीर पवैया फरेन्द सिंह सिकरवार रामू कुशबाह सज्जन सिंह यादव मर्जाद सिंह यादव किसान मोर्चा मंण्डल अध्यक्ष पर्वत सिह जादोंन महेंन्द परिहार राम यादव रामख्तयार गुर्जर रामू कुशबाह शतीष परिहार सोनू खांन पप्पन यादव शिशुपाल यादव कोमल यादव आगम जैंन नरेन्द कुशबाह राजीब जैन सहाब सिंह कुशबाह चतुर सिंह कुशबाह पूरन गोयल बलबीर गोयल मैहबूब खांन अबदेश श्रीवास पंकज कुशबाह दिलीप कुशबाह अजय झां सुल्तान मोर्य राजू मिश्रा सूरज खटीक अमित गुर्जर रामकुमार जादौंन चतुर सिंह कुशबाह राजू कुशबाह रामनरेश कुशबाह संतोष यादव रामकेश गुर्जर बबली यादव धर्मेन्द राणा डां बेताल गोड अनिल शाक्य, दिनेश परिहार आदि।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आए सभी आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए निष्पादन करने का दिया निर्देश



**हजारीबाग पुष्पांजली टुडे**–उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, बरही के कटीयोन में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमि अधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर सं।

# गौरव दिवस मनाए जाने को लेकर नगर वासियों में जोश

## सैकड़ों की संख्या में उमड़ा विद्यार्थियों का समूह

रघुवर दयाल गोहिया





**सीहोर।** नगर का गौरव दिवस आगामी 29 नवम्बर को मनाया जाएगा। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को सुबह आवासीय खेल परिसर से प्रभात फेरी निकाल कर किया गया। प्रभात फेरी को विधायक सुदेश राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर हर्ष सिंह, एसपी मयंक अवस्थी, नगर पालिका सीएमओ योगेन्द्र पटेल सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इसके अलावा शुक्रवार को दोपहर बारह बजे सीहोर जिले पर विशेष निबंध प्रतियोगिता के अलावा शाम चार बजे नगर पालिका के सफाई कर्मियों की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी में दो हजार से अधिक स्कूली बच्चे एवं नागरिक शामिल हुए। प्रभात फेरी आवासीय खेल परिसर ने निकली तथा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए टाउन हाल में समाप्त हुई। समापन अवसर पर विधायक सुदेय राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने संबोधित किया। विधायक श्री राय ने सभी को सीहोर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने की शपथ दिलाई।प्रिंस राठौर के अथक प्रयास से शहर को विकास की गति देने के लिए स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आगामी 29 नवंबर को शहर में आने वाले हैं। इस मौके पर सीएम श्री चौहान के नगरागमन पर भव्य रूप से स्वागत सत्कार के लिए नागरिकगणों के साथ विभिन्न संस्थाएं तैयारी कर रही हैं। रोड-शो मार्ग पर 29 नवंबर के पूर्व से कुछ जगहों पर एलईडी स्कीन के माध्यम से शहर के कायाकल्प की फिल्म एवं अन्य स्वच्छता से संबंधित फिल्म तथा सीहोर के गौरव पर कुछ चित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। मुख्य समारोह में सीहोर के नागरिक जो कि प्रतिष्ठित पदों यथा आईईएस, आईपीएस, न्यायिक सेवा, सेना एवं अन्य उच्च पदों पर पहुंचे व्यक्तियों का बतौर सीहोर गौरव सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन 26 नवंबर को प्रातः 11 बजे से आवासीय खेल परिसर की दीवार पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे सीहोर जिले के इतिहास, पर्यटन व विकास को बड़ावा देने के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे से सीहोर नगर में विशाल साइकिल रैली निकाली जाएगी।

**27 नवंबर को होंगे यह कार्यक्रम**–कार्यक्रम के तीसरे दिन 27 नवंबर को सुबह 8 बजे जिला चिकित्सालय में रक्तदान एवं नेत्रदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में 1000 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे से एनआरएलएम की महिलाओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्राचीन चिंतामन गणेश मंदिर एवं नगर के प्रमुख स्थानों पर रंगोली बनाई जाएगी। दोपहर 12 बजे टाउन हॉल में विभिन्न विभागों के नवाचार की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। शाम 6 बजे टाउन हॉल में स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।28 नवंबर को प्रातः 7 बजे आवासीय खेल परिसर में सामूहिक योग एवं सूर्य नमस्कार किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 8 बजे रन फॉर सीहोर गौरव दिवस मैराथन आयोजित की जाएगी। शाम 6 बजे जनजाति कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुति होगी। इसके पश्चात सामूहिक दीपदान दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम रखा गया है। रात 8 बजे कोतवाली चौराहे पर भव्य अतिशबाजी की जाएगी।शुक्रवार को सुबह दस बजे शहर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई थी, जिसमें हजारों की संख्या में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी शामिल थे। वहीं दोपहर बारह बजे सीहोर जिले पर विशेष निबंध प्रतियोगिता के अलावा शाम चार बजे नगर पालिका के सफाई कर्मियों की संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

# सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुड़ा वडेर में भजन-कीर्तन का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

**हैदराबाद।** सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडां वडेर के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी कमेटी व समाज के सभी बन्धुओं व माताओं बहनों द्वारा आज मार्ग शीर्ष सुदी बीज दिनांक 25/11/2022 शुक्रवार को सुबह 11:30 बजे को श्री आईमाताजी, सोनाणा खेतलाजी, बाबा रामदेवजी, वह सितला माताजी को आज के लाभार्थी परिवार व समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी कमेटी व माताओं बहनों द्वारा भोग लगाया गया, श्री आईमाताजी,बाबा रामदेवजी महाराज की आरती बोली गई बाद में माताओं बहनों द्वारा भजनों का कार्यक्रम संपन्न हुआ दोहपर के बाद लाभार्थी परिवार द्वारा ली गई बोली कि राशि समाज को भेंट किया गया व लाभार्थी परिवार के धर्म पत्नी का उसे पहले लिया गया बोली के लाभार्थी के धर्म पत्नियों द्वारा उनका माला एवं साल द्वारा स्वागत किया गया। उसके बाद भोजन प्रसाद रखा गया जिसमें समाज के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारीणी कमेटी व आम सदस्यों ने शांन्ति पूर्ण भोजन प्रसाद ग्रहण किया। और शाम को 9:15 बजे से करमनघाट अलमासगुडां भजन मंडली द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा उसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधार कर भजनों एवं प्रसाद का लाभ लेवें । इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मुलाराम,भंवरलाल, सचिव हिरालाल, सहसचिव प्रकाश, कोषाध्यक्ष महोदय दिपाराम, सह कोषाध्यक्ष उदाराम,खेल मंत्री 2 डुगाराम, मिडिया प्रभारी अमराराम, सहलाकर वेनाराम,गजाराम, दोलाराम, एवं कार्यकारिणी कमेटी के सदस्यों कि उपस्थिति में यह प्रोग्राम संपन्न हुआ। यह जानकारी संस्था के सचिव हिरालाल सैणचा द्वारा दी गई ।लाभार्थी परिवार सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडां वडेर के सहलाकर दौलतराम पंवार



**मरुधर में गांव देवली आऊवा**–फर्म:जय भवानी इलेक्ट्रीकल हार्डवेयर मिरपेट राशि इक्कीस हजार एक सौ एक रूपये संस्था को भेंट किये। संस्था के अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा ने सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद देकर आभार वक्त किया ।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनप्रतिनिधि आम जनता तक पहुंचाने का काम करें यादव

पवन विश्वकर्मा पुष्पांजलि टुडे



ग्रामीण नगरी निकाय पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण वर्ग सैहडा विधानसभा जिला दतिया का भाऊया रामपुरा में संपन्न हुआ कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता श्री महेंद्र सिंह यादव पूर्व अध्यक्ष बीज विकास निगम भोपाल जिले के संगठन प्रभारी जनप्रतिनिधियों को मध्य प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं को आमजन को उसका लाभ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए संगठन में नए नए लोगों को जोड़ने को भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से अवगत कराने की आवश्यकता है इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री मेघ सिंह गुर्जर चेयरमैन मध्य प्रदेश इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष सरपंच एवं जनपद सदस्य आदि उपस्थित थे।

# जन्म के एक घंटे के भीतर माँ का गाड़ा पीला दूध पिलाना अति आवश्यकः डा. राधेश्याम



**पुष्पांजली टुडे न्यूज**

भिण्ड । नवजात शिशु की आवश्यक देखभाल के लिए जरूरी है कि प्रसव चिकित्सालय में ही कराएं। प्रसव के बाद 48 घंटे तक माँ एवं शिशु की उचित देखभाल के लिए चिकित्सालय में रुकें। नवजात को तुरंत न नहलायें केवल शरीर पोंछकर नर्म साड़ कपड़े पहनाएं। जन्म के एक घंटे के भीतर माँ का गाड़ा पीला दूध आवश्यक रूप से पिलाना शुरू कर दें ये बात आज शासकीय गर्ल्स स्कूल में आयोजित नवीन व्यवसायिक कोर्स के अंतर्गत हेल्थ केयर कार्यक्रम के अंतर्गत शिशु देखभाल, एवं एम्बुलेंस सुविधा की जानकारी हेतु बच्चो को प्रशिक्षण देते हुए जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.राधेश्याम शर्मा ने दी। श्री शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया छह माह तक सिर्फ और सिर्फ स्तनपान कराएं। जन्म के तुरंत बाद नवजात का वजन लें और विटामिन 'के' का इंजेक्शन लगवाएं।

**निशुल्क एम्बुलेंस सुविधा की दी जानकारी**- डा.राधेश्याम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया आयुष्मान कार्ड धारियों, गर्भवती महिलाओं, घायलों, कुपोषित बच्चों को एम्बुलेंस की निःशुल्क सुविधा प्राप्त है। एम्बुलेंस बुलाने के लिए सिर्फ 108 नंबर पर कॉल करना होता है। स्किन और बालों के रोगों से बचाव की भी जानकारी शिक्षिका रेखा शिवहरे ने बताया । एक आम गलती जो अधिकांश लोग करते हैं, कि पूरे साल एक ही तरह के स्किन केयर और हेयर केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना. कुछ लोगों के लिए यह सुविधा की बात हो सकती है, लेकिन मौसम के बदलाव के साथ त्वचा और बालों की देखभाल में बदलाव की आवश्यकता होती है. ठंड के मौसम में, त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए भारी क्रीम और तेल लगाना चाहिए. गर्मी का मौसम शुरू होते ही जरूरत बदल जाती है। इस अवसर पर विधालय की प्राचार्य श्रीमती स्नेहलता भदौरिया, और शिक्षिका मीनू सोनी ने भी बच्चो को स्वास्थ संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई।

# प्राकृतिक चिकित्स,योग के प्रति जन जागरूकता हेतु रोग मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन






राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान एवं आयुष मंत्रालय के सहयोग से इंटरनेशनल नेचरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन एवं सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित नेचरोपैथी एक समग्र आयुर्विज्ञान कार्यक्रम आज भिंड जिले के आदर्श ग्राम टुड़ीला मैं संपन्न किया गया।इस कार्यक्रम में नेचरोपैथी पर आधरित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अंकिता प्रथम स्थान, शौलेंद्र राणा द्वतीय स्थान, दिव्यांश राणा तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ हरि ओम गौतम जी (वरिष्ठ सलाहकार नेचुरोपैथी) एदिल सिंह (सरपंच टूड़ीला), जितेंद्र सिंह ग्राम पंचायत सचिव, प्रधनाध्यपक श्री सरयू प्रसाद एवं कार्यक्रम आयोजक श्री अशोक कुमार सूर्या फाउंडेशन के कार्यकर्ता श्री अरुण राणा ,अभिषेक राणा, राधेश्याम कटारे लखन शर्मा एवं गांव के सभी, ग्रामीण युवा और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे। के कार्यक्रम में हरिओम गौतम जी ने ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के लिए कई मंत्र दिए जैसे कब्ज से छुटकारा पाकर आप कैसे अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं साथ ही संतुलित आहार, भोजन कब और कितनी मात्रा में करना चाहिए, अपने जीवन में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए मनुष्य की दिनचर्या और खानपान कैसा होना चाहिए। साथ ही आज के समय में होने वाली नई-नई बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए बगैर अंग्रेजी दवाइयों के भी आप शरीर को कैसे स्वस्थ रख सकते हैं और प्रकृति से जुड़कर एक लंबी आयु का जीवन जी सकते हैं।ग्रामीणों ने डॉक्टर साहब से अपनी बीमारियों को दूर करने के लिए उपाय भी पूछे। डॉक्टर सुरेश जी एव ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुनी और उनके निवारण के उपाय भी बताएं।अशोक कुमार ने बताया कि सूर्या फाउंडेशन ब इंटरनेशनल नेचरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन एक सामाजिक संस्था है जो देश के सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित है पिछले 30 वर्षों से राष्ट निर्माण गतिविधियों के साथ-साथ योग चिकित्सा का ज्ञान तथा लाभ घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।इस कार्यक्रम के लिए ग्रामीणों ने राष्टीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान एवं आयुष मंत्रालय का आभार व्यक्त किया। प्राकृतिक चिकित्सा,योग के प्रति जन जागरूकता हेतु रोग मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के आयोजक श्री जितेंद्र प्रसाद गूर्जर ने कार्यक्रम में कहा कि अंकुरित अनाज का सेवन करेगे तो रोगों से मुक्त रहेंगे और दीर्घ आयु प्राप्त होगी प्राकृतिक चिकित्सा ही सभी रोगों का मूल निवारक है

# नियुक्ति को लेकर याचिका पर विचार

सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की खंडपीठ चुनाव आयोग की नियुक्ति को लेकर याचिका पर विचार कर रही है। सुनवाई के दौरान केएम जोसफ की अध्यक्षता वाली बेंच का यह कहना कि पूर्व में जो भी चुनाव आयुक्त हुए हैं। उसमें टीएन सेशन जैसे विरले चुनाव आयुक्त होते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह कथन निश्चित रूप से जो व्यक्ति पद पर रहते हुए अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन करते हुए अधिकारों का भी बेहतर तरीके से उपयोग कर पाता है। वह टीएन सेशन जैसे अधिकारी ही होते हैं। टीएन सेशन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे। तब उन्होंने निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। चुनाव की घोषणा के बाद सारे अधिकार चुनाव आयोग में समाहित कर लिए। सेना पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था जो चुनाव कार्य में सहयोग करती है। वह सभी चुनाव आयुक्त के अधीन करके उनका उपयोग निष्पक्ष चुनाव कराने में किया। टीएन सेशन ने अपने कार्यकाल में शासन स्तर पर बड़े-बड़े पदों पर जो लोग बैठे हुए थे। उनकी इच्छा और अनिच्छा की परवाह किए बिना जो भी निर्णय निष्पक्ष चुनाव के लिए लिए आवश्यक थे। उन्होंने स्वतंत्र होकर निर्णय लिया। शेषन से ही पहली बार देश के मतदाताओं को उनके मताधिकार का बोध कराया था। चुनाव आयोग की शक्ति का अहसास कराया था। उन्होंने राजनेताओं के साथ-साथ चुनाव कार्य में लगे हुए अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा की गई लापरवाही पर दंडित करते समय यह भी ध्यान नहीं दिया कि कौन कितने बड़े पद पर बैठा हुआ है। निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव कराने में जिन अधिकारियों कर्मचारियों की भूमिका सर्वश्रेष्ठ रही। उनको पुरस्कृत करने का भी उन्होंने कोई मौका नहीं छोड़ा। टीएन सेशन का कार्यकाल भूतो ना भविष्यति की तरह है। उनकी बराबरी कर पाना वर्तमान में संभव नहीं है। जो भी चुनाव आयुक्त पिछले कुछ वर्षों में आए हैं। उनके ऊपर कहीं ना कहीं सरकार का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ वर्षों में यह स्थिति और भी खराब हुई है। निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव के लिए मीडिया की भूमिका में आश्चर्यजनक रूप से बदलाव आया है। मीडिया में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का दबदबा होने और मीडिया हाउस के न्यूज चैनलों में एजेंडा संचालित कर एक दल विशेष के लिए काम करते हुए स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। सत्तारूढ़ दल और विज्ञापन दाता राजनीतिक दलों को ज्यादा से ज्यादा एकपक्षीय कवरेज करने से निष्पक्ष चुनाव संभव ही नहीं रहे। टीएन सेशन ने अपने कार्यकाल में मीडिया पर सभी राजनीतिक दलों को उनकी प्रभावशीलता के आधार पर बराबरी का समय देना तय किया था। मीडिया पर भी पूरा अंकुश चुनाव आयोग का था। जिसके कारण उनके कार्यकाल में निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव संभव हो सके। मीडिया अब पैसे पर आधारित प्रचार प्रसार कर रहा है। मीडिया मतदाताओं की एकतरफा राय बनाने का काम कर रहा है। जो राजनीतिक दल आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है। वह बराबरी से चुनाव लड़ने की स्थिति में ही नहीं है। इलेक्ट्रोल बांड ने राजनीतिक दलों को आर्थिक रूप से गंभीर संकट में डाल दिया है। सत्तारूढ़ दल को चुनावी चंदा का 85 से 90 फ़ीसदी तक मिल जाता है। विपक्षी राजनीतिक दलों को चंदा ही नहीं मिल पाता है। ऐसे में वे अपना चुनाव प्रचार भी नहीं कर पाते हैं। एक ही राज्य में कई चरणों में चुनाव हो रहे हैं। मतदान के दिन तक चुनाव प्रचार का कवरेज मीडिया द्वारा किया जा रहा है। चुनाव के दौरान धनबल और बाहुबल का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। सत्तारूढ़ दल खुलेआम अपनी ताकत का दुरुपयोग कर रहा है। वहीं विपक्षी राजनीतिक दल सत्तारूढ़ पार्टी का मुकाबला ना तो धन बल से कर पा रहे हैं।

# गुजरात चुनाव में साख पर लगी इज्जत




सन 1989 के आम चुनाव से ठीक पहले, जब देश के ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस का शासन था, तब भारतीय जनता पार्टी की गुजरात इकाई के अपेक्षाकृत युवा और अचर्चित कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी ने तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी को एक संदेश भिजवाया। वह दरअसल भाजपा और चिमनभाई पटेल के जनता दल के बीच सीट-बंटवारे के समझौते का विरोध कर रहे थे। उस वक्त राजीव गांधी का भारत उफान पर था, लोकसभा चुनाव का आह्वान किया गया था और भारतीय राजनीति के नियम फिर से गढ़े जा रहे थे। अहमदाबाद से उस युवा पार्टी सचिव ने गुजारिश की थी, 'हमें अकेले चुनाव लड़ना चाहिए'। आडवाणी ने उस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। भाजपा गुजरात में अपने सहयोगी दल को और टिकट देने पर राजी हो गई। जब नतीजे आए, तो राज्य में पहली बार भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। उसने यह करिश्मा छह वर्ष बाद हुए विधानसभा चुनाव में भी दोहराया। तब से गुजरात में बीते तीन दशकों में उसकी यह उपलब्धि चुनाव-दर-चुनाव बरकरार है।

राज्य में भाजपा का यह राजनीतिक वर्चस्व, जहां कभी कांग्रेस की सबसे संगठित इकाई थी, एक नई राजनीतिक व्यवस्था का नतीजा था। यह 1990 के दशक में एक बड़े सामाजिक और जातिगत मंथन से तैयार हुई थी। मूलतः यह दो-दलीय स्थिर व्यवस्था थी, जिसमें कांग्रेस दूसरे सिरे पर मौजूद थी। हालांकि, सोनिया गांधी युग (1998 के बाद) में कांग्रेस भले गुजरात में नंबर एक की पार्टी नहीं बन सकी, लेकिन उसके पास हमेशा से एक भरोसेमंद वोट-बैंक रहा है। बीते 20 वर्षों, नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्रित्व काल में भी, कांग्रेस का वोट-प्रतिशत 38 से 41 प्रतिशत के बीच बना रहा। दूसरे शब्दों में कहें, तो तीन में से एक गुजराती ने कांग्रेस की हार को देखते हुए भी उसे वोट दिया।

वहां अब अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की आमद का अर्थ है कि तीन दशकों से गुजरात की राजनीति को टेक देने वाली इस व्यवस्था को नई चुनौती मिलने जा रही है। यदि 1989 का चुनाव एक युगांतरकारी मोड़ था, तो 2022 में हम यही देख रहे है कि गुजरात में सियासी शतरंज के नियमों को नया रूप देने का प्रयास हो रहा है। सवाल है, यह चुनौती आखिर कितनी मजबूत है? निस्संदेह, यह चुनाव कई मायनों में अहम है। ऐसे समय में, जब राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' से कांग्रेस में नई जान फूंकने की कोशिश कर रहे हैं और आप राज्य-दर-राज्य कांग्रेस के वोट-बैंक में सेंध लगाने को आतुर है, तब गुजरात की पड़ताल काफी महत्वपूर्ण है।

ऐतिहासिक रूप से देखें, तो गुजरात की राजनीति में तीसरी ताकत के लिए कोई जगह नहीं है। यहां तक कि शंकर सिंह वाघेला भी, जिन्होंने 1990 के दशक के मध्य में भाजपा के भीतर बगावत की थी और असंतुष्ट विधायकों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री का ताज संभाला था, उस वक्त विफल साबित हुए, जब उनकी राष्ट्रीय जनता पार्टी चुनावी परीक्षा में उतरी। फिर भी, एक ऐसे राज्य में, जहां के 70 फीसदी से अधिक मतदाताओं के पास गैर-भाजपा राज्य सरकार का अनुभव नहीं है, आप ने इस बार की चुनावी जंग को खासा आक्रामक बना दिया है। दिल्ली की तरह गुजरात में आप का ध्यान वंचित तबके पर है। 'वोटर्स मूड रिसर्च' के चुनाव विश्लेषक जय मृग कहते हैं कि वह खुद को निम्न वर्ग की पार्टी के रूप में स्थापित कर रही है। गुजरात के मतदाताओं को वह मुख्यतः यही बता रही है कि वह कांग्रेस की तुलना में भाजपा को अधिक मजबूत टक्कर दे सकती है।

मगर पर्याप्त जमीनी कार्यकर्ताओं की कमी आप की बड़ी चुनौती है। उसकी मौजूदगी राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग रूप में है। मसलन, सौराष्ट्र में झाड़ू चुनाव चिह्न सबसे अधिक दिखाई देता है, जो गुजरात के ताकतवर पाटीदार समुदाय का गढ़ है। चूंकि यह समुदाय 1990 के दशक से राज्य में भाजपा के वर्चस्व का बड़ा कारक रहा है, इसलिए यह पाटीदार ही हैं, जिनके बूते आप पहली बार अपनी पैठ बनाती दिख हुई रही है। हालांकि, उत्तरी गुजरात में पार्टी की सक्रिय उपस्थिति का अभाव है।देखा जाए, तो यह चुनाव इस बात पर निर्भर करेगा कि कांग्रेस का कितना वोट आप अपने पाले में कर पाती है। 2017 में भाजपा को यहां 49.1 प्रतिशत मत मिले थे। ऐसे में, आप यदि इस राज्य को फतह करना चाहती है, तो उसे कांग्रेस के वोट (41.4 प्रतिशत) में बड़ी सेंध लगाने के साथ-साथ भाजपा के मतदाताओं को भी अपनी ओर लुभाना होगा। लिहाजा, यदि वह कांग्रेस समर्थक मतदाताओं को व्यापक तौर पर आकर्षित नहीं कर पाई, तो वह मूलतः भाजपा-विरोधी वोट को ही बांटने का काम करेगी। इससे पार्टी के वोट-प्रतिशत में जबर्दस्त उछाल आएगा, जैसा कि सी-वोटर का अनुमान है, लेकिन उसके हिस्से में कुछ सीटें ही आएंगी। यह स्थिति भाजपा को बड़ी जीत दिलाएगी और अगले चुनाव में आप को एक बड़ी चुनौती के रूप में स्थापित करेगी।रही बात कांग्रेस की, तो राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद पार्टी के लिए यह पहला बड़ा चुनाव है। 2017 में कांग्रेस अध्यक्ष पद हासिल करने के बाद राहुल गांधी ने सामने आकर गुजरात अभियान का नेतृत्व किया था। उन्होंने कमोबेश नरेंद्र मोदी जितना ही प्रचार किया और भारतीय जनता पार्टी को कड़ी चुनौती दी। इस बार वह चुनाव प्रचार से लगभग दूर है। 2017 की तुलना में इस बार कांग्रेस का अभियान कम हलचल वाला दिख रहा है और वह खामोश होकर जमीनी कार्यकर्ताओं पर भरोसा कर रही है।

भाजपा के लिए गुजरात प्रतिष्ठा की लड़ाई है और 'ब्रांड मोदी' की ताकत की एक और परीक्षा भी। पश्चिम बंगाल में वामपंथियों (1977-2011) को छोड़ दें, तो किसी भी बड़े राज्य में गैर-कांग्रेसी दलों ने इतना लंबा लगातार शासन नहीं किया है। नरेंद्र मोदी इस जीत के मुख्य सूत्रधार रहे हैं। उन्होंने पहले गुजरात के किसी भी अन्य मुख्यमंत्री की तुलना में न केवल दो बार से अधिक समय तक राज्य की सेवा की, फिर प्रधानमंत्री के रूप में दिल्ली जाने के बाद 2017 की जीत में भी अहम योगदान दिया। लिहाजा कहना गलत नहीं होगा कि भूपेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री के रूप में लाने और पूरे मंत्रिमंडल को बदलने के एक साल बाद भी भाजपा का चुनाव अभियान मुख्यतः मोदी के व्यक्तित्व और उनके गुजरात से जुड़ाव पर टिका है।

## काम की बातें, जो आएंगी आपके काम

### घने और सॉफ्ट बालों के लिए फटाफट बनाएं ये हेयर मास्क

हेयर फॉल की समस्या काफी कॉमन है, इसकी वजह से बाल काफी हद तक पतले हो जाते हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए लोग कई तरह के हेयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ये काफी एक्सपेंसिव होते हैं। ऐसे में आप घर पर ही एक नुस्खे को अपना सकते हैं, जो बालों को घना बनाने में मदद करता है। यहां देखिए इसे बनाने का तरीका।

इस हेयर मास्क को बनाने के लिए आपको चाहिए

गिलसरीन, दालचीनी, एलोवेरा जेल,

**कैसे बनाएं**

इसे बनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ नहीं करना है, बस इसके लिए तीनों चीजों को अच्छे से मिक्स करें और फिर कोशिश करें कि इस पैक के लिए आप फ्रेश एलोवेरा लें।

**कैसे लगाएं**

इसे लगाने के लिए आपको अपने बालों को साफ करना है और फिर इस पैक को अपने बालों पर लगाना है। फिर इसे 30 मिनट के लिए लगा रहने दें और फिर हेयर वॉश करें।

**फायदे**

ग्लिसरीन एक फेमस प्रोडक्ट है जिसका इस्तेमाल कई ब्यूटी प्रोडक्ट और बालों की देखभाल के प्रोडक्ट में किया जाता है। यह एक प्राकृतिक ह्यूमेक्टेंट के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल होममेड हेयर मास्क बनाने के लिए भी किया जा सकता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-इरिटेंट गुण भी होते हैं जो स्केल्प में खुजली को खत्म करने में मदद कर सकते हैं।

# युद्ध का समय नहीं मगर सेना पोक लाने की बात कर रही है

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का पूरा बयान ठीक है। सिर्फ उन्हें पीओके पर कब्जे वाली बात पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जब सरकार कार्रवाई के आदेश करेगी, तब कार्रवाई होगी। इस बात को सब जानते हैं कि सरकार के आदेश पर ही कार्रवाई होगी, बिना आदेश के नहीं।

सेना की उत्तरी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कार्रवाई वाला बयान चौंकाने वाला है। सेना का काम बयान देना नहीं है। उसका काम सरकार के आदेश पर ऑपरेशन करना है। सेना को इस तरह के बयान से बचना चाहिए। भारत के कई सत्ताधारी दल के नेताओं के बयान कई बार सरकार के सामने असहज स्थिति पैदा कर देते हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट भी परेशान कर देती है। ऐसे में उत्तरी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कार्रवाई वाला बयान भी कुछ ऐसा ही है। यह बयान पाकिस्तान-चीन समेत दुनिया के भारत विरोधी देशों के लिए चौंकाने वाला और उन्हें लामबंद करने वाला है। ये बयान भारत का विरोध करने वाले देशों को शोर मचाने का एक और मुद्दा थमा देगा।

उन्होंने पाकिस्तान द्वारा कब्जा किए कश्मीर पर कार्रवाई के बारे में पूछे गए सवाल पर ये बात कही। उन्होंने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार जब आदेश देगी, सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इस विषय पर संसद में प्रस्ताव पास हो चुका है। भारतीय सेना सरकार के हर आदेश की पालना के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार जब भी आदेश देगी सेना अपनी पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में घुसपैठ के लिए पाकिस्तानी लॉन्चपैड पर करीब 160 आतंकी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि हम उनके मंसूबे कामयाब नहीं होने देंगे।

इससे पहले तीन नवंबर को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की एक रैली में भी इसी तरह की मांग उठी थी। वे वहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान भीड़ में से लोगों ने कहा- पीओके भी अब भारत में चाहिए। इस पर रक्षा मंत्री ने कहा था। धैर्य रखिए। धैर्य रखिए। राजनाथ हिमाचल के वीर जवानों को लेकर बात कर रहे थे कि रैली में मौजूद लोगों ने पीओके चाहिए, के नारे लगा दिए। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर में हो रही टार्गेट किलिंग पर कहा कि राज्य में आतंकवाद को रोकने के लिए काफी काम किया गया है। इससे बौखलाए आतंकियों की तरफ से कभी पिस्टल, कभी हथियार इस तरफ भेजने के प्रयास किए जाते हैं और निहत्थे लोगों को टारगेट किया जाता है, लेकिन आतंकी अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं हो पाएंगे। उन्होंने दावा किया कि धारा 370 हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया है। राज्य में आतंकवाद पर लगाम लगी है।

देखा जाये तो लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का पूरा बयान ठीक है। सिर्फ उन्हें पीओके पर कब्जे वाली बात पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जब सरकार कार्रवाई के आदेश करेगी, तब कार्रवाई होगी। इस बात को सब जानते हैं कि सरकार के आदेश पर ही कार्रवाई होगी, बिना आदेश के नहीं। दूसरे ये भी संभव नहीं कि सरकार आदेश करे और सेना मना कर दे। सरकार के आदेश पर सेना को कार्रवाई करनी ही है। फिर इस तरह के बयान क्योंं एक बात और कि ये निर्णय जब अभी सरकार का नहीं है, फिर बताकर दुश्मन और उसके मददगार देश को क्यों सचेत कर रहे हो, और अगर निर्णय सरकार का है तो खामोश तैयारी के साथ उसको अंजाम देना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के शासनकाल में संसद के दोनों सदनों में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लेने का संकल्प लिया था। प्रस्ताव में कहा गया था कि पाकिस्तान द्वारा कश्मीर में कब्जा किए गए हिस्से को मुक्त करवाना ही समस्या का वैधानिक और एकमात्र हल है। ये प्रस्ताव 22 फरवरी 1994 को पारित किया गया था। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी 15 अगस्त को लाल किले के प्राचीर से यही बात कही थी। ये प्रस्ताव आज का नहीं है। इसलिए इसका इस समय जिक्र करने का उपयुक्त समय भी नहीं है।

# सामाजिक आलेख : नशा मुक्त भारत चाहता है सुमित




देश के के 22 राज्यों के लगभग पांच करोड़ लोगों को जागरूक करने के लिए काशियाना फाउंडेशन की तरफ से नशा मुक्त भारत यात्रा का आगाज बुद्ध के पंचशील सिद्धांत से प्रेरित है। जहां भगवान बुद्ध ने मानव जाति को नशा से मुक्त करने की लिए न केवल संदेश दिया था बल्कि उसके उपायों को भी सुझाया था। सुमित सिंह ने बताया कि भारत को नशामुक्ति करने के लिए 24 जनवरी से 06 मार्च 2023 यात्रा चलेगी। काशी से कश्मीर तक की नशा मुक्त भारत यात्रा 1500 किमी की दूरी तय करेगी। 40 दिन की यात्रा में 22 राज्य कवर होंगे। नशामुक्ति के लिए यह युवा पुरी तरह समर्पित है। नशामुक्ति के लिए बेहतर काम करने के लिए कई सुमित सिंह को कई पुरस्कार भी मिले है।

काशी से लेकर कश्मीर तक की यह यात्रा कई मामलों में बेहद महत्वपूर्ण और अनोखी है। काशियाना भारत के हर नागरिक से मानवता के इस महायज्ञ में थोड़ी-थोड़ी आहुति की भी आशा रखता है। सर्वे भवंतु नशामुक्त –के ध्येय वाक्य को अपना आदर्श सूत्र मानकर काम कर रहे काशियाना फाउंडेशन की झोली में तमाम सी उपलब्धिया है जिन पर कोई भी भारतीय नागरिक गौरव से झूम सकता है। काशी से एक अद्भुत विचार निकला जो आज पूरे देश के प्रत्येक कोने पर न केवल लोगों के कल्याण हेतु कार्य कर रहा है बल्कि एक नए समाज का निर्माण करने में अपनी महती भूमिका भी अदा कर रहा है।

काशी निवासी युवा सुमित ने नशे की धुंध में उड़ते देश के भविष्य को फिर से संवारने का बीड़ा उठाया है। 26 साल का यह युवा उम्र से भले ही युवा है मगर सोच विचार और सामाजिक अनुभवों के मामले में अपनी उम्र के दोगुना आयु वाले लोगों को विचलित कर देता है। सुमित समाज के उस वर्ग से आते हैं जिन्हें खुद कुआं खोदकर पानी पीना पड़ता है। देश के हिंदी भाषी क्षेत्र पूर्वांचल के एक नवसृजित जिले भदोही में जन्मे सुमित के कुछ कर गुजरने का यह जुनून ही था कि अपने करियर को एक तरफ रख समाज की चिंतन में खुद को समर्पित कर लिया।

सुमित बताते हैं कि हमें रामायण और महाभारत में तमाम ऐसी घटनाएं देखने को मिलेगी जहां कई वंशों का नाश केवल मदिरा और नशे के कारण हुआ। के साथी प्राचीन भारत से लेकर आधुनिक भारत तक नशे के दुष्परिणाम को हम देखते ही आए हैं। अल्पायु में ही मां के सुख से वंचित हो चुके सुमित ने न केवल भारत माता को अपनी माता मान लिया बल्कि भारत माता की सभी संतानों से सहोदरों की भांति व्यवहार भी करने लगे।

अध्यात्म और संस्कृति का झंडा बुलंद करने वाली बनारस की गलियों में सुमित से तमाम ऐसे युवा टकराने लगे जिनकी हालत दिन-ब-दिन नशे के कारण गंभीर होती जा रही थी। शराबी बाप और पति से पिटने वाली महिलाओं और बच्चों की चित्कार अब सुमित की नींद उड़ाने लगी थी। यह उम्र सुमित के कैरियर बनाने की थी अगर सुमित ने अपने सहपाठियों की परवाह किए बिना अपने लक्ष्य के प्रति तेजी से बढ़ने लगे। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि अभी तक बुद्ध की राह पर कदम बढ़ा चुके सुमित के पास अपना कोई गुरु नहीं था। मगर सुमित का सहज और सौम्य व्यवहार हर किसी को उनका मुरीद बना लेता था। खाते पीते सोते जागते पढ़ते लिखते हमेशा राष्ट्र सेवा की भावना से ओतप्रोत रहने वाले सुमित ने बहुत कम दिन में काशियाना फाउंडेशन को काशी से निकालकर देश के प्रत्येक कोने पर पहुंचा दिया।

कहा जाता है कि समाज में जब कोई अच्छा कार्य करता है तो तमाम लोग प्रेरित होकर उससे जुड़ते भी हैं।ठीक ऐसा ही सुमित के पास साथ भी हुआ सुमित मंजिल की तरफ अकेले बढ़ी थी मगर अब सुमित के पास हजारों सदस्यों का अपना कारवां है। पढ़ने लिखने में बेहद होनहार सुमित ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद भदोही से बनारस का रुख किया। बनारस की फक्कड़ आबोहवा सुमित का सामाजिक मिजाज जब काशी विद्यापीठ की मैदानों से टकराया तो एक विभूति गढ़ देने वाला विचार सुमित के मन में बिजली की तरफ कौंधा।

इस विचार को आगे बढ़ाने के लिए जब सुमित ने समाज में कदम रखा तो कई प्रकार के जोखिमों से उनकी रूबरू मुलाकात हुई मगर सुमित के हौसलों के सामने इन समस्याओं की कोई भी साथ नजर नहीं आई।आज काशियान फाउंडेशन को उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बखूबी जानते हैं कई बार मंचों से उन्होंने सुमित और सुमित के संस्था को सराहा भी है।

वेश्यावृत्ति के धंधे से बजबजाती मंडुआडीह की गलियों में सुमित ने एक नया प्रकाश जलाया है। अपने अथक प्रयासों और कभी ना हार मानने वाली जिद के बलबूते सुमित ने मंडुआडीह की करीब 100 परिवारों को गोद लेकर उन्हें न केवल वेश्यावृत्ति के कीचड़ से निकाला बल्कि उनके बच्चों को पढ़ाई लिखाई की तरफ भेजने का काम भी किया। आज वहां की बच्चे लगभग नशे से मुक्त होकर अपना उज्जवल भविष्य तलाशने के लिए शहर के नामी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं।

काशियाना फाउंडेशन की बदौलत आज न केवल बनारस बदल रहा है बल्कि हिंदुस्तान की क्षितिज पर एक नए विचारों का उत्तोलन भी हो रहा है हम यह बात कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं समझते कि काशियाना एक दिन पूरे देश से नशे को समूल नष्ट कर देगी। अपनी साप्ताहिक मासिक और वार्षिक बैठकों की गुणवत्ता और परिणाम पर एक गोष्ठियों के पश्चात आशियाना नहीं नशा मुक्त भारत की पक्ष में युवाओं की नई पौध तैयार कर दी है। यह युवा न केवल खुद नशे से दूर है बल्कि समाज में विभिन्न माध्यमों से जागरूकता फैलाकर लोगों को नशे से बचने की सलाह दे रहे हैं।

बुद्ध की तरह भारतवर्ष में अपनी ख्याति बटोर रहे सुमित कहते हैं कि भारत विश्व गुरु तभी बन सकता है जब भारत में नशे का समूल विनाश हो जाए। इसके लिए न केवल युवाओं को आगे आना पड़ेगा बल्कि युवक जब तक यह नहीं समझेगा कि पूरा भारत हमारा घर है तब तक हम भारत को नशा मुक्त नहीं कर सकते।

## विषयों की भरमार

कविवर! उठाकर देखो अपनी कलम,
नित नए विषय ले रहे जन्म,
कुछ छूटे हैं नादानी से,
बह गए बनकर कुछ पानी से,
कर रखा है धारण विषयों ने मौन,
पहचाने तेरे बिन इन्हें कौन,
नहीं होगा इनका कोई भरथार,
चहुँ ओर है विषयों की भरमार।
देना है कवियों इनको न्याय,
सदियों से बैठे हैं गुहार लगाए,
कब इनकी आएगी बारी,
बीत रही है जिंदगी सारी,
कलम से सब को सामने लाना,
हक इनको जरूर दिलाना,
देख रहा अब सारा संसार,
चहुँ ओर है विषयों की भरमार।
न सोच लिखने से क्या होगा,
असहायों ने दुख ही दुख भोगा,
हो जाएगा मानव जाति का भला,
मानेंगे शासक अवश्य सलाह,
भटके भी आएंगे सुपथ पर,
कुछ वक्त निकालकर लिखेगा अगर,
लेखनी तेरी बड़ी दमदार,
चहुँ ओर है विषयों की भरमार।
हर विषय को निपटाता चल,
हाथ में तेरे आज और कल,
खुद को किसी से कम न आंक,
औरों की तरह धूल न फांक,
ऊंची सोच से जग बदलेगा,
नेकी से ही मानव संभलेगा,
मूल्यह्रास ने किया शर्मसार
चहुँ ओर है विषयों की भरमार।
ईश्वर की है तुझे बक्शीश,
मिलेगी पीढ़ियों की आशीष,
आवाज उनकी बनकर दिखा,
लेखनी से तानाशाह झुका,
खोल पोल जो है नकाबपोश,
सच्चाई की नहीं जिन्हें होश,
बड़ी उम्मीदें हैं कलमकार,
चहुँ ओर है विषयों की भरमार।



- डॉ विनोद कुमार शर्मा
चंडीगढ़।

# दो पक्षों में हुआ विवाद जिसको लेकर पुलिस ने किया एक तरफा मामला दर्ज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे/रहीश भैया**

मोहना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सहसारी के रहने वाले दो पक्षों में खेतों में पानी देने को लेकर आपसी विवाद हो गया इसमें दोनों ओर से जूतम पैजार चले और दोनों पक्ष अपनी





अपनी फरियाद लेकर मोहना थाना पहुंचे मोहना थाने के स्टाफ ने एक पक्ष की फरियाद सुनकर एक तरफा एफ आई आर कर दी जबकि दूसरे दूसरे पक्ष को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की दूसरा पक्ष सुनवाई नहीं होने को लेकर पहुंचा एसपी ऑफिस।

**क्या है पूरा मामला**–आज सुबह की बात है ग्राम सहसारी में गुर्जर समुदाय पंजाब सिंह, रवि, अनिल और धाकड़ समुदाय कमल किशोर,बंटी,गूंगा,सोनू, गोपाल, बुद्धा का लड़का के बीच कहा सुनी होकर विवाद हो गया, देखते देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जूतम पैजार चल गए, दोनों पक्षों में मारपीट हुई, खून भी निकलने लगा और दोनों पक्ष अपनी अपनी फरियाद लेकर मोहना थाने पहुंचे लेकिन मोहना थाने में धाकड़ समुदाय के लोगों की फरियाद सुनकर गुर्जर समुदाय के लोगों पर द्ध.द्ध.ह्. कर दी जबकि गुर्जर समुदाय के लोगों की एफ आई आर न लिखी और ना ही कोई सुनवाई की और सुबह से थाने पर बिठाकर चार 5:00 बजे वहां से भगा दिया, मामले को लेकर गुर्जर समुदाय के लोग एसपी ऑफिस पहुंचे तो एसडीओपी हिना



खान ने फरियाद सुनी और उचित न्याय दिलाने की बात कही।

## जलापूर्ति से संबंधित बैठक सम्पन्न हुई

**(हड़ारीबाग पुष्पांजली टुडे)।** नगर आयुक्त, नगर निगम हजारीबाग के द्वारा निगम क्षेत्रान्तर्गत नियमित पानी की सप्लाई नहीं होने, पानी गंदा आने या कनेक्शन होने के बावजूद लोगों को पानी नहीं मिलने के संबंध में निगम के पदाधिकारियों एवं सहायक अभियंता, कनीय अभियंता पी एच ई डी के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में सुश्री फरहत अनीसी, नगर प्रबंधक के द्वारा बताया गया कि निगम कार्यालय में लोगों के द्वारा लगातार आवेदन के माध्यम से यह बताया जा रहा है कि उनके घरों में कनेक्शन है परंतु पानी नहीं आता है या पानी गंदा आता है या नियमित पानी नहीं आता है। इस संबंध में नगर आयुक्त के द्वारा सहायक अभियंता पीएचईडी को निर्देशित किया गया कि वे निगम कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए सूची के अनुसार अपने तथा निगम के तकनीकी कर्मी के द्वारा 1 सप्ताह के अंदर जांच कर प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करें। नगर आयुक्त ने मेसर्स रितिका प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि को यह निर्देशित किया गया कि जिन जिन घरों में पानी से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है, वहां से जलकर की वसूली करना सुनिश्चित करें तथा ऐसे लोगों को जिनके घरों में पानी नियमित रूप से आने के बावजूद भी लोगों के द्वारा जलकर का भुगतान नहीं किया जा रहा है,



ऐसे घरों में पानी के कनेक्शन को काटने की कार्रवाई प्रारंभ की जाए उक्त बैठक में सुश्री फरहत अनीसी, नगर प्रबंधक, श्री अरुण बावरी, अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, पीएचईडी एवं रितिका के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## समाज के व्याप्त कुरीतियों को मिटाने का लिया संकल्प

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

भिंड-खंगार क्षत्रिय समाज सेवा विकास संघ भिंड की बैठक अमायन के ग्राम परचेना में आयोजित की गई। अध्यक्षता मंशाराम परिहार ने की। मुख्य अतिथि समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एनआर खेंगर,विशिष्ट अतिथि डा.आरडी परिहार रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने समाज में व्याप्त कुरुतियों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा पर विशेष जोर देने की बात कही।इसी के साथ कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।इसमें हरिजन सिंह उर्फ करू को जिला सचिव,सुंदरसिंह परिहार को जिला उपाध्यक्ष,सुरेंद्र सिंह परिहार को अमायन मंडल अध्यक्ष,हाकिम सिंह परिहार को अमायन मंडल उपाध्यक्ष,नाथूसिंह परिहार को कोषाध्यक्ष,रामदुलारे सिंह परिहार को सचिव,अनिल सिंह परिहार को मीडिया प्रभारी, मंशाराम सिंह परिहार को मंडल प्रभारी, विजयराम को संरक्षक ,विपिन सिंह परिहार को अध्यक्ष युवा मंडल,दिनेश सिंह को उपाध्यक्ष युवा मंडल,संजीव को युवा मंडल सचिव, बृजमोहन को संगठन मंत्री युवा मंडल बनाया है।



## हेमावास के विद्यार्थियों ने खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय का नाम किया रोशन

**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान**
**नरेश कुमार सिरवी**

पाली। 66 वी जिला स्तरीय 19 वर्षीय लगौरी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जेतपुर रोहट मे किया गया। जिसमें हेमावास की टीम ने भी भाग लिया। भाजपा हेमावास मंडल पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हेमावास के छात्रों ने जिला स्तरीय 19 वर्षीय लगौरी खेलकूद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर हेमावास का परचम पुरे जिले में फहराया प्रधानाचार्य अश्विनी दीपन ने बताया कि खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए 6 खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन किया गया शारिरिक शिक्षक योगेश श्रीमाली ने बताया कि राज्य स्तर पर भाग लेने 6 खिलाड़ी हितेश, पियुष, हिम्मत, हरिओम, समीर, हेमलता, आदि खिलाड़ी सवाईमाधोपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर पाली का प्रतिनिधित्व करेंगे भाजपा हेमावास मंडल पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल व स्कूल के टीचर प्रताप सिंह, ज्योति, रेखा, जेठाराम, विक्रम सिंह, भीम सिंह, आदि स्टाफ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा को नशा मुक्ति अभियान के तहत हुआ चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**मेहगांव।** शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शुक्रवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य आर के डबरिया जी के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती गिरिजा नरवरिया द्वारा किया गया। आज की युवा पीढ़ी के लिए नशा एक गंभीर समस्या बनती जा रही है इसलिए प्राथमिक स्तर पर ही इस समस्या की ओर ध्यान देने एवं उन्हें जागरूक करने की ओर कदम उठाने की आवश्यकता है। नशे की आदत शारीरिक एवं मानसिक क्षति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति से परिवार को बर्बाद करने में अहम भूमिका निभाता है। अतः युवा पीढ़ी एवं छात्र छात्राएं नशे से दूर रहकर अपना व्यक्तित्व निर्माण कर समाज एवं राष्ट्र को उन्नतशील बनाने के लिए अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। आज की प्रतियोगिता में शिवानी, पूजा, भूरी, कोमल दांतरे ,विनीता आरती, शैलजा शर्मा आदि छात्राओं की उपस्थिति के साथ-साथ प्रो दुर्गेश गुप्ता, प्रो सुनील बंसल, प्रो आलोक मिश्रा प्रो वंदना श्रीवास्तव, अंबुजा गुप्ता, शिवप्रकाश सिंह नरवरिया सहित शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## फालना बालिका विद्यालय में नवनिर्मित प्याऊ का लोकार्पण

### पति की स्मृति में प्याऊ बनाकर बालिका स्कूल को भेंट

**पुष्पांजलि टुडे।**
**संवाददाता नरेश कुमार सिरवी**

फालना रानी। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय,फालना में भामाशाह नैनू देवी बंजारा द्वारा स्वर्गीय पति चुनीलाल बंजारा की स्मृति में नवनिर्मित प्याऊ का लोकार्पण विधायक प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम सिंह राणावत, नगर पालिका अध्यक्षा ललिता शाह, सीबीईओ परबत सिंह राठौड़, सामाजिक कार्यकर्ता भरत त्रिवेदी रामकिशोर गोयल, सेवानिवृत्त सीबीईओ उगम सिंह, भामाशाह नैनू देवी बंजारा, पार्षद देवेंद्र सिद्धावत, एसडीएमसी सदस्य अमित मेहता, राकेश अग्रवाल के आतिथ्य में किया गया। भामाशाह नैनू देवी बंजारा ने बताया कि उनके पति चुन्नीलाल का सरकारी बालिका स्कूल के लिए कुछ करने की इच्छा थी लेकिन पति के असमय दुनिया से चले जाने के कारण मैंने अल्प पेंशन मे से राशि को जोड़कर उनके सपने को साकार करने के लिए बंजारा फ्रिजर युक्त प्याऊ बनाकर बालिका विद्यालय को भेंट कर सुकून महसूस कर रही हूं। पार्षद देवेंद्र सिद्धावत ने बताया कि भामाशाह नेनू देवी द्वारा प्याऊ निर्माण



के अलावा अपने घर का आधा हिस्सा मंदिर निर्माण के लिए देकर पुनीत कार्य मे सहयोग प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य कविता गहलोत ने समस्त अतिथिगण, भामाशाह नैनू देवी परिवार व प्याऊ के प्रेरक का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। गहलोत ने कहा कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास मे भामाशाह ही पुरोधा होते है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थीगण, अभिभावकगण, जितेन्द्र सिदावत, सुमेर सिंह, पार्षद ललित मालवीय, मदन सिंह सांखला, फुलेश प्रजापति, पिंटू बंजारा, सुवाराम, गुलाबराम, छोगाराम, लादाराम वागराम, देवाराम, गणपत, महेश, भरत, लादूराम, मांगीलाल, उत्तम, गणपत, किशोर, राजेश मेहता, सुरेश राजपुरोहित, चंपालाल भाटी, कुशाल प्रीतपाल सिंह छाबड़ा, महेंद्र तिवारी इत्यादि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मिठालाल सेन ने किया।

## डबल मनी से जुड़े हत्याकाण्ड मे शामिल 4 और लोगों को बहेला पुलिस ने गिरफ्तार

पुष्पांजलि टुडे बालाघाट



**बालाघाट।** जिले के बहुचर्चित डबल मनी मामले में लांजी अनुभाग के बहेला थाना अन्तर्गत गढमाता मंदिर के पास दुलापुर लांजी निवासी रामेश्वर कर्राहे की अधजली लाश मिली थी शिनाख्ती के बाद बहेला पुलिस के द्वारा लगभग 8 से अधिक आरोपियो के विरूद्ध अपराध क्र. 114/22 धारा 365, 341, 232, 506, 34 इजाफा धारा 302, 201, 120 बी के तहत हत्या की धारा सहित अन्य धाराओ मे अपराध दर्ज किया जाकर विवेचना प्रारंभ कर एक एक कर आरोपियो को हिरासत मे लेकर न्यायालय मे पेश किया जा रहा है, जंहा सर्वप्रथम हत्या का मास्टर माईंड विनय लिल्हारे और कोमल प्रसाद दशरिया उर्फ गोल्डी निवासी चिखली को हिरासत मे लेकर पूर्व मे न्यायालय मे पेश कर जेल रवाना किया जा चुका है। वंही अब इस हत्याकाण्ड मे शामिल 4 और लोगो की गिरफ्तारी बहेला पुलिस के द्वारा की जा चुकी है जिसमें विनोद भटेरे बोलेगांव, गजेन्द्र बल्लारखेड़े साडरा, प्रणव बिल्हारे साडरा, सुजीत चन्द्रिकापुरे बोलेगांव इन चारो को पुलिस ने उक्त अपराध की धाराओ मे गिरफतार कर 25 नवंबर को न्यायालय मे पेश किया जाकर एक दिन की रिमाण्ड पर लिया गया है। इस मामले मे अभी 3 से 4 लोगो की गिरफतारी होना है जिसमे 2 नामजद है तथा अन्य के नाम के खुलासे अभी होने को है। बतादे कि यह संपूर्ण मामला डबल मनी से जुडा हुआ है जंहा हत्यारो एवं मृतक के बीच करोड़ों रूपयो का लेनदेल था।

## भाजपा मप्र उपाध्यक्ष आलोक शर्मा के जन्मदिन पर जिला भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने किया पौधारोपण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

**बालाघाट।** भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय सुखदेवे के नेतृत्व में भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश के संयोजक डॉक्टर अखिलेश खंडेलवाल एवं प्रदेश सहसंयोजक दीपक नाहर के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी आलोक शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर बालाघाट भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा जिले भर में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गया, इसी तारतम्य में बालाघाट नगर के डॉ.आंबेडकर चौक के पास पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सुहागपुरे ने प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदरणीय भाई साहब आलोक शर्मा यशस्वी हो दीर्घायु हो तथा इसी प्रकार संपूर्ण प्रदेश का नेतृत्व करते हुए भाजपा को नवीन नीत उचाइयां प्रदान करते रहे, साथ ही हम युवा कार्यकर्ताओ को अपना आशीष व मार्गदर्शन प्रदान करते रहें, इस कार्यक्रम में बालाघाट भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष संजय गौतम, भाजपा नगर मंत्री अक्षय कटरे, भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ नगर मंडल संयोजक अजय आशोले, भाजयुमो जिला महामंत्री गौरव मोनू श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष योगराज टेमरे, रोमेश सोनवाने, भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे, प्रणय डहरवाल, शशि तेवर, धीरज सुराना, भुवन राहंगडाले, सिकेंद्र बाजनघाटे, राहुल जमईवार, अखिलेश चौरे सहित भाजपा युवा मोर्चा एवं भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## आम आदमी पार्टी ने जिला कार्यालय पर नगर निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ता एवं चुनाव प्रभारियों के साथ की बैठक



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा।** आगामी नगर निकाय चुनाव हेतु आम आदमी पार्टी द्वारा एटा में आज जिला कार्यालय पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला निकाय चुनाव प्रभारी संजीव कौशिक द्वारा की गई एवं कार्यक्रम संचालन जिला अध्यक्ष श्री सन्मत बाबू जैन जी द्वारा किया गया कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित स्थानीय नागरिकों से प्रत्याशियों के चयन के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आग्रह किया तथा प्रत्याशियों के चयन के लिए ट्रिपल सी फॉर्मूल दिया जिसके तहत जिस प्रत्याशी की बेदाग छवि व कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं हुआ किसी भी प्रकार के करप्शन का चार्ज ना होने पर ही प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला अध्यक्ष श्री सन्मत जैन जी ने वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं अन्य नागरिकों को पार्टी की नीति एवं केजरीवाल जी के दिल्ली मॉडल को घर घर पहुंचाने के लिए आह्वान किया. कार्यक्रम के दौरान एटा नगर पालिका परिषद के चुनाव प्रभारी श्री सनमत जैन, मारहरा नगर पालिका परिषद के चुनाव प्रभारी श्री प्रवीन यादव, नगर पालिका परिषद एटा अध्यक्ष के लिए श्रीमती राजकुमारी यादव एवं श्री प्रशान्त यादव ने आवेदन फार्म प्राप्त किया है। प्रभारी वार्ड नं 16 रोबिन जैन वार्ड नं 13 गणेश वार्ष्णेय वार्ड नं 21 अनुराग जैन प्रत्याशी वार्ड नं 25 शोएव मलिक वार्ड नं 02 भूपेंद्र यादव वार्ड नं 08 जमील अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## भिण्ड मुरैना पुलिस ने जिले में स्थाई बारंटी व फरार बारंटी व अबैध धन्धे पर अंकुश लगाने के लिये नाकाबंन्दी चैकिग पोस्ट पर की चर्चा

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह।** दूसरे जिलो से आकर वारदात करने वाले बदमाशों को रोकने और



अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस अधिकारियों ने अम्बाह मेहगॉव डिबीजन पुलिस अफसरों के साथ बॉर्डर मीटिंग की। करीब दो घंटे तक चली बैठक में अवैध रेत का परिवहन रोकने से लेकर मादक पदार्थ तस्करी, अवैध हथियार और लंबे समय से फरार बदमाशों को पकड़ने पर अधिकारियों का फोकस रहा। अवैध रेत का परिवहन रोकने के लिए भिंड, बुधारा पुल पर मुरैना के नगरा उसैथ, बॉर्डर पर पुलिस के संयुक्त चेक पोस्ट बनाए जाने का निर्णय लिया गया। 40 ऐसे तस्करों की सूची आदान-प्रदान की गई, जो फरार चल रहे हैं। इन्हें पकड़ने के लिए स्पेशल टीम बनाई जाएगी। बैठक में मेहगॉव एसडीओपी राजेश कुमार सिह राठौर व अम्बाह एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा अम्बाह पोरसा महुआ नगरा थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## नई शिक्षा नीति से मंहगी होगी शिक्षा : धाकड़

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

### 28 नवंबर को जिला शिक्षा अधिकारी को देंगे ज्ञापन

**भिण्ड।** सरकार की नई शिक्षा नीति प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षा इतनी महंगी हो जाएगी की आम छात्र शिक्षा से वंचित हो जाएंगे यूजीसी विश्वविद्यालय को अनुदान की जगह कर्ज देगी और उस कर्ज की भरपाई छात्रों को फीस वृद्धि के रूप में अदा करनी होगी भाजपा मध्य प्रदेश सरकार छात्र संघ चुनाव से डरती है छात्र संघ चुनाव लोकतंत्र की पहली पाठशाला होते हैं लेकिन मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार छात्र संघ चुनाव कराने के लिए तैयार नहीं हैं बिना प्रशिक्षण के स्कूलों में कंप्यूटर खरीद लिए हैं सरकार द्वारा स्कूलों को दी गई टेलीविजन कबाड़े में तब्दील हो गई हैं प्रयोगशाला खुल नहीं रही



खेल का सामान आता है लेकिन स्कूलों में खेल टीचर नहीं है न खेल मैदान प्रदेश सरकार 1लाख से अधिक स्कूलों को बंद कर 8500 सीएम राईज स्कूलों को खोलना चहती है दुर स्कूल होने से भिण्ड जिला की छात्रा नेहा जाटव जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति अधिक होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य अध्यक्ष राजवीर धाकड़ ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहीं अरविंद प्रजापति की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप पार्क में एसएफआई की मीटिंग 23=11 2022 को दोपहर 12~00 बजे शुरू हुई मीटिंग को संगठन के संयुक्त सचिव शाहबाज खान ने कहा सरकार की तीन प्रकार की शिक्षा नीति है एक और केन्द्रीय नवोदय विद्यालय दूशरी आदर्श उत्कृष्ट सी एम राइज इन स्कूलों के शिक्षकों से सरकार गैर शिक्षकीय कार्य नहीं करायेगी प्रयोगशाला वाचनालय इनमें भी बन्द रहते हैं तीसरा शासकीय स्कूलों में शिक्षकों का अभाव के वाद भी शिक्षकों से गैर शिक्षकीय कार्य अधिक लिया जाता है विद्यार्थियों की पढ़ाई कमजोर हो जाती है और उनकी आगे की पढ़ाई बंद हो जाती है। शहर उपाध्यक्ष शिवा श्रीवास्तव ने बताया 28 नवंबर को जिला शिक्षा अधिकारी को एस एफ आई जिला की छात्रा समस्याओं को लेकर क्षापन सोपेगी। बैठक में शाहबाज खान ,विशाल बघेल, शिवांशु श्रीवास, प्रद्युमन कुशवाह, कुणाल सिंह, ध्रुव पराशर, हर्ष कुशवाह, राज कुशवाह, अंकुश केवट, इंद्रजीत राजोरिया।

# करीना कपूर ने बेटी का नाम जानकर शेयर किए जज्बात



आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने कल अपनी बेटी के नाम का ऐलान कर दिया है. आलिया ने नामकरण के साथ अपनी बच्ची की एक झलक भी इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. उन्होंने अपनी बच्ची का नाम राहा रखा है. आलिया के इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करने और नाम के ऐलान करने के बाद फैंस ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी है. वहीं करीना कपूर, अर्जुन कपूर, अथिया शेट्टी, सोनम कपूर, बिपाशा बासु जैसे महान हस्तियों ने भी कमेंट्स से समा बांध दिया है. कई लोगों ने हार्ट इमोजी के साथ रिएक्ट किया है. तो वहीं करीना कपूर ने भी आलिया -रणबीर के बेटी के लिए प्यारा सा पोस्ट किया है. करीना ने कहा, तुम्हें अपनी गोद में लेने का अब और इंतजार नहीं कर सकती... और लास्ट में दिल इमोजी के साथ अपने कमेंट को विराम दिया है. वहीं आलिया की पोस्ट पर रणबीर की बहन रिद्धिमा कपूर ने लव इमोजी ड्रॉप किया है. साथ ही कई यूजर्स ने आलिया के पोस्ट को दोबारा से भी शेयर किया है. आलिया भट्ट ने पोस्ट में जानकारी दी है कि राहा नाम उसकी दादी नीतू कपूर ने सुझाया है. साथ ही आलिया ने बच्ची के नाम भी मतलब भी बताया है. उन्होंने कहा, राहा के बहुत सारे सुंदर मतलब है. आलिया ने आगे अपने पोस्ट में लिखा, उसके नाम के जैसे ही जब हमने उसे पहली बार गोद में लिया था, सारी फीलिंग्स को महसूस किया था. शुक्रिया राहा, हमारे परिवार को फिर से जीवन देने के लिए, ऐसा लग रहा है जैसे हमारा जीवन अभी शुरू ही हुआ है. इस साल अप्रैल में शादी के बंधन में बंधने से पहले आलिया और रणबीर ने लंबे समय तक डेट किया था उन्होंने जून के आखिर में अपनी प्रेग्नेंसी की खबर शेयर की थी. आलिया ने 6 नवंबर को बेटी को जन्म दिया था। अपनी बच्ची के आने की खबर साझा करते हुए, आलिया ने इंस्टाग्राम पर लिखा था, ÷और हमारे जीवन की सबसे अच्छी खबर, - हमारी बच्ची यहां है ... और वह कितनी जादुई लड़की है. फिलहाल कपल्स पैरेंटहुड को अच्छे से एन्जॉय कर रहे हैं.

आलिया के पोस्ट को दोबारा से भी शेयर किया है. आलिया भट्ट ने पोस्ट में जानकारी दी है कि राहा नाम उसकी दादी नीतू कपूर ने सुझाया है. साथ ही आलिया ने बच्ची के नाम भी मतलब भी बताया है. उन्होंने कहा, राहा के बहुत सारे सुंदर मतलब है. आलिया ने आगे अपने पोस्ट में लिखा, उसके नाम के जैसे ही जब हमने उसे पहली बार गोद में लिया था, सारी फीलिंग्स को महसूस किया था. शुक्रिया राहा, हमारे परिवार को फिर से जीवन देने के लिए, ऐसा लग रहा है जैसे हमारा जीवन अभी शुरू ही हुआ है. इस साल अप्रैल में शादी के बंधन में बंधने से पहले आलिया और रणबीर ने लंबे समय तक डेट किया था उन्होंने जून के आखिर में अपनी प्रेग्नेंसी की खबर शेयर की थी. आलिया ने 6 नवंबर को बेटी को जन्म दिया था।

## सोशल मीडिया को सीरियसली नहीं लेतीं जाह्नवी कपूर



*सोशल मीडिया पर चमक-दमक भरी इमेज मेनटेन करने के साथ फिल्मों में बहुत मिडिल क्लास किरदार प्ले करने के बारे में जाह्नवी कपूर ने एक इंटरव्यू में खुलकर बात की। मालूम हो कि सोशल मीडिया पर जाह्नवी कपूर की इमेज बहुत ग्लैमरस है जबकि फिल्मों में वह इन दिनों बहुत मिडिल क्लास और डाउन टू अर्थ टाइप के किरदार निभा रही हैं। एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या यह एक तरह का विरोधाभास नहीं पैदा करता है। जाह्नवी कपूर ने बताया कि लोग अक्सर उन्हें बताते हैं कि जो फिल्में वो कर रही हैं वो एक खास बीट वाली हैं, जबकि उनकी सोशल मीडिया इमेज इसके ठीक विपरीत है। जाह्नवी कपूर ने कहा- वो मुझे बताते हैं कि अगर लोग मुझे लगातार उस तरह के गेटअप में देखते रहेंगे तो वह फिल्मों में मेरे इस तरह के किरदारों को खास रिस्पॉन्स नहीं देंगे। जाह्नवी कपूर ने बताया कि वह बस खुद को बहुत ज्यादा गणनात्मक होने से बचा रही हैं। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि पहले मनीष मल्होत्रा की साड़ी में और फिर एक सादा कुर्ते में नजर आकर मैं लोगों को कनफ्यूज कर रही हूं लेकिन यही तो मेरा काम है। यही मेरी आर्ट है। एक्ट्रेस ने बताया कि वह अपने हर किरदार में बहुत रियल और ऑथेंटिक दिखना चाहती हैं। हालांकि वह जैसी किसी किरदार में दिखती हैं, वैसी वह असल जिंदगी में नहीं हैं। एक एक्टर होना ऐसा ही होता है। जाह्नवी कपूर ने कहा कि वह सोशल मीडिया को बहुत गंभीरता से नहीं लेना चाहती हैं। उन्होंने बस मस्ती के लिए यह अकाउंट बनाया हुआ है। हो सकता है कि अगर वह क्यूट दिखें तो 5 और लोग उनकी फोटो को लाइक कर लें, उन्हें कुछ और ब्रांड साइन कर लें और वह कुछ एक्स्ट्रा ईएमआई पे कर पाएं।*

## भारतीय सेना पर ट्वीट करना ऋचा को पड़ा भारी



*एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा अक्सर अपने बेबाक अंदाज की वजह से चर्चा का विषय बनी रहती हैं. हर पॉलिटिकल गतिविधी के ऊपर एक्ट्रेस के पास अपनी राय जरूर होती है. साथ ही अब एक्ट्रेस को सोशल मीडिया पर किए गए अपने एक ट्वीट की वजह से ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है. बता दें कि एक्ट्रेस ने गलवान घाटी में हुई घटना के बारे में अपना रिएक्शन देते हुए ट्वीट किया था. जो नेटिजन्स को बिल्कुल भी पसंद नहीं आया और साथ ही अब उस ट्वीट के कारण एक्ट्रेस के खिलाफ फिल्मेकर अशोक पंडित ने एफआईआर दर्ज कराई है. दरअसल, फिल्ममेकर अशोक पंडित का मानना है कि, ऋचा चड्ढा ने जानबूझ कर गालवान हादसे में शहीद हुए सैनिकों की बेइज्जती की है. मीडिया से इस बारे में बात करते हुए फिल्ममेकर ने कहा, नागरिकों के रूप में यह हमारा कर्तव्य है कि हम उन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करें जो हमारे सुरक्षा बलों के खिलाफ गलत कमेंट करते हैं. बल हमारी और हमारे देश की रक्षा करते हैं और उनका मजाक उड़ाना एक राष्ट्र-विरोधी गतिविधि माना जाता है. जिस तरह से कमेंट्स किए गए और लोगों ने किए है. जब मैंने इस पर रिएक्शन दिया, तो मुझे लगा कि एक सच्चे राष्ट्रवादी के रूप में स्थानीय पुलिस स्टेशन में उसके (ऋचा चड्ढा) के खिलाफ शिकायत दर्ज करना मेरा कर्तव्य है. पुलिस इसे आगे बढ़ाएगी और कानून के अनुसार उसे सजा देगी. उन्होंने आगे कहा, लोगों और पूरे देश के लिए मेरा संदेश है कि आप हमारे सुरक्षा बलों का मजाक या अपमान नहीं कर सकते, जिन्होंने देश की भलाई और देशवासियों की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी. आपको बता दें कि, ऋचा चड्ढा ने हादसे के बाद ट्वीट शेयर करते हुए लिखा था, गालवान सेज हाय. जो कई लोगों को बेहद अपमानजनक लगा. साथ ही अब एक्ट्रेस ने अपनी गलती मानते हुए एक नया ट्वीट शेयर किया है, जिसमें वह सभी से माफी मांग रही हैं. खैर यह मामला अब काफी सिरीयस होता हुआ दिखाई दे रहा है. लोग ऋचा से उनकी इस हरकत की वजह से काफी परेशान हैं. अब आगे ये मामला क्या रूप लेगा ये तो वक्त ही बताएगा.*

# ग्रेसिम इंडस्ट्रीज विक्रम वूलन मालनपुर के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर शाखा द्वारा आज ग्रासिम इंडस्ट्रीज विक्रम वूलन मालनपुर के सहयोग से आज ग्राम सिंघवारी में प्राथमिक विद्यालय पर ग्रामीण नागरिकों के लिए एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रासिम इंडस्ट्रीज विक्रम वूलन मालनपुर की ओर से एच. आर. मैनेजर श्री शरद हुरकत जी उपस्थित थे।उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी को स्वास्थ्य के प्रति सजक रहने एवं कंपनी से को ग्रामीण नागरिकों को सुविधाएं दी जा रही है उस पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संजू जाटव जी ने की उन्होंने सभी को बताया की किस ग्रामीण नागरिकों को अपनी देख रेख करनी चाहिए एवं उन्होंने सभी महिलाओं से हर कदम आगे बढ़ाने की अपील भी की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित जी उपस्थित थी।उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी महिलाओं को सुरक्षित गर्भपात विषय एवं अन्य बीमारियों से बचाव पर जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कानून पक्ष पर भी चर्चा की।




कार्यक्रम में वरिष्ठ अतिथि के रूप में ग्रासिम इंडस्ट्रीज विक्रम वूलन कलकता के सी.इस. आर.हेड श्री विजय मिश्रा जी उपस्थित थे उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी को व्यक्तिगत विकास पर जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेंद्र सिंह कुशवाह उपस्थित थे।उन्होंने सभी को नवीन गतिविधियों एवं युवा स्वास्थ्य पर जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ पीयूष गौड़ सामान्य रोग विशेषज्ञ श्री किशोर साक्य लैब टेक्नीशियन देव प्रकाश समोलिया द्वारा सभी लोगों ग्रामीण नागरिकों का स्वास्थ्य परिक्षण कर उन्हे उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम में विशेष गूंज मीडिया गूंज की संचालिका श्रीमती कृति सिंह उपस्थित थी उन्होंने सभी को टी.वी. जैसी घातक बीमारियों से बचाव पर जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया साथ ही उन्होंने बताया टी.वी. हारेगा देश जीतेगा टीवी मुक्त अभियान के अंतर्गत। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती गीता सूर्यवंशी गूंज की ओर से प्रिया सिंधे, स्तुति सिंह आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती कुशमा, कविता रेखा आदि की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम के माध्यम से कुछ उत्कृष्ठ कार्यकारी कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया। इस नगरीय आशा मालनपुर श्रीमती कुशमा कविता संतोषी आदि को सम्मानित भी किया। शिविर के माध्यम से 240 लोगों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम के अंत में स्तुति सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनने में संस्था के पैरामेडिकल छात्रों कि मुख्य भूमिका रही।

# ग्वालियर पार्षद शैलू कुशवाह के हत्या के आरोपियों को फांसी देने और संपत्ति कुर्क करने के लिए दिया ज्ञापन

## अपराधी पहले भी दे चुके हैं बड़ी घटनाओं को अंजाम

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-खबर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से है जहां पर अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा और ओबीसी महासभा के द्वारा वार्ड नं. 03 केंट ग्वालियर में पार्षद शैलू कुशवाह की हत्या के आरोपियों को फांसी की सजा और संपत्ति कुर्क करने के लिए दिया ज्ञापन प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 23.11.2022 को रात्रि 10. 30 बजे पार्षद शालू कुशवाह को राज उर्फ राजेश शर्मा, भूरा उर्फ सर्वेश तोमर और विक्की कौशल, विनीत राजावत, धीरज पाल बुलाकर अपने साथ ले गये और उसे वंशीपुरा पर एकराय होकर लाठी डंडो, सरियो से मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। जिसमें अभी तक एक आरोपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया है, और चार आरोपी फरार है, जिससे पीडित परिवार काफी भयभीत बना हुआ हैं, इसलिए अखिल भारतीय कुशवाह युवा महसभा और ओबीसी महासभा मांग करती हैं, कि उक्त आरोपीगणों को शीघ्र से अति शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जावें एवं उनको फांसी की सजा दी जाये, और आरोपीगणो की अचल संपत्ति भवन आदि को तोड-फोड / कुर्क किया जाये ÷ हमें जानकारी मिली है कि उक्त आरोपीगण एक आपराधिक किस्म के व्यक्ति है, इन्होंने पूर्व मे भी वंशीपुरा चौराहे पर हत्यायें व अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके है।





मृतक की पत्नि राधा कुशवाह को सरकारी नौकरी व परिवार की आर्थिक सहायता राशि 1 करोड का मुआवजा एवं सुरक्षा एवं बच्चों की शिक्षा के लिए सरकार उचित व्यवस्था करें एसबी 24 महासभा के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी मुर्दाबाद के नारे, बीडी शर्मा मुर्दाबाद, नरोत्तम मिश्रा मुर्दाबाद, शिवराज सिंह चौहान मुर्दाबाद, के नारे लगाए और ज्ञापन देने अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के ओर से ज्ञापन देने आए संजय कुशवाह जो कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष है वह भारतीय जनता पार्टी मुर्दाबाद के नारे सुनकर ज्ञापन छोड़कर भाग गए।



# पर्यटन स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जेसी मिल कन्या स्कूल में कार्यक्रम अयोजित

**ग्वालियर /** पर्यटन स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा के उद्देश्य से मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित परियोजना के तहत शासकीय जे.सी मिल विद्यालय परिसर में रागिनी फाउंडेशन द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की बालिकाओं को महिला उत्पीड़न से बचने से संबंधित जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, अधिकार और समाज में उनके सम्माननीय स्थान पर केन्द्रित रहा। रागिनी फाउंडेशन के जिला समन्वयक सना उल्ला ने बताया कि कार्यक्रम में एडवोकेट सुरभि गोयल और एडवोकेट समरीन खान ने डोमेस्टिक वायलेंस एवं महिला सुरक्षा संबंधी जानकारियॉ छात्राओं के साथ साझा कीं। साथ ही ताइक्वांडो सचिव श्री अक्षय कैन ने छात्राओं को आत्मरक्षा संबंधी जानकारियां दीं। इस अवसर पर जेसी मिल के प्राचार्य आर सी गुप्ता एवं अध्यापकगण श्याम , श्रीमती मीना तिवारी, श्रीमती पुष्पा जादौन, श्रीमती सुनीता लांबा, श्रीमती पूनम राजपूत, श्रीमती तृप्ति गौर ,श्रीमती सिंपी राय, श्रीमती मनीषा पुष्पा, श्रीमती निशा खान, श्रीमती अंजना अग्रवाल, श्रीमती पूजा गुप्ता व महिला संघ की पदाधिकारियों के अलावा लगभग 130 छात्राएं उपस्थित रहीं।

# अमृत सरोवरों से बदल रही है ग्रामीण अंचल की तस्वीर, जिले में 51 सरोवर बनकर तैयार

**ग्वालियर।** बरसात का पानी सहजने के लिये बनवाये जा रहे अमृत सरोवर ग्वालियर जिले के ग्रामीण अंचल की तस्वीर बदल रहे हैं। अमृत सरोवरों से सिंचाई रकवे में बढोतरी के साथ-साथ जल संरक्षण व संवर्धन में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। साथ ही मछली पालन और सिंघाडे व सब्जी की खेती भी ब?ी है। ग्रामीणों की पानी के निस्तार संबंधी जरूरतें भी ये तालाब पूरा कर रहे हैं। जिले में मौजूदा वित्तीय वर्ष में 100 अमृत सरोवर बनाये जा रहे हैं। इनमें से 51 सरोवर बनकर तैयार हो गए हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अमृत सरोवरों के किनारे औषधीय, फलदार व घनी छाया देने वाले पौधे रोपकर सौंदर्यीकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी ने बताया कि अमृत सरोवरों से जिले में सीधे तौर पर लगभग 912 हेक्टेयर रकवे की सिंचाई क्षमता बढ़ने का अनुमान है। वहीं अमृत सरोवर जल संवर्धन में भी महती भूमिका निभा रहे हैं। जल संवर्धन से किसानों के बोरवेल इत्यादि रिचार्ज हो गए हैं और अप्रत्यक्ष तौर पर लगभग 725 हेक्टेयर रकवे की सिंचाई क्षमता बढ़ना संभावित है।

अमृत सरोवरों का निर्माण महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, 15वां वित्त आयोग, एकीकृत जल प्रबंधन कार्यक्रम व जनसहयोग के संयोजन से कराया जा रहा है। जिले में इस वर्ष लगभग साढे 17 करोड रूपये की लागत से 100 अमृत सरोवर का काम हाथ में लिया गया है। इनमें से 60 सरोवर राजस्व विभाग की जमीन पर और 40 अमृत सरोवर वन विभाग की जमीन पर बनवाये जा रहे हैं।



जिला पंचायत से प्रप्त जानकारी के मुताबिक विकास खण्ड मुरार में इस साल लगभग 4 करोड 15 लाख रूपये की लागत से 21 अमृत सरोवर मंजूर हुए थे, इनमें से 15 सरोवर बनकर तैयार हो गए हैं। इसी तरह विकासखण्ड घांटीगांव में लगभग 6 करोड 46 लाख रूपये की लागत से मंजूर हुए 35 सरोवरों मे से 15 सरोवरों का काम पूरा हो गया है। विकासखण्ड डबरा में करीबन 2 करोड 94 लाख की लागत से स्वीकृत 23 तालाबों में से 9 और विकासखण्ड भितरवार में लगभग 3 करोड 46 लाख रूपये की लागत से स्वीकृत हुए 24 सरोवरों में से 12 सरोवर बनकर तैयार हो गए हैं। इस साल की बारिस में ये सभी सरोवर वर्षा जल से लबालव भर गए। जाहिर है ग्रामीण अंचल में खुशियों की नई इबारत मूर्त रूप ले रही है।

# डायबिटीज जाँच एवं परामर्श शिविर 27 को

ग्वालियर के समस्त रोटरी क्लब और बिरला इंस्टिट्यूट एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर (ब्क्ष्स्क्ष) हॉस्पिटल का संयुक्त आयोजन दिनांक 27 नवंबर 2022 रविवार को डायबिटीज जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन होने जा रहा है, कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन विवेक मिश्रा और रोटेरियन राजेंद्र मल्होत्रा ने बताया कि यह पूरा इवेंट रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3053 के पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर भूपेंद्र जैन जी के मार्गदर्शन मे हो रहा है, ग्वालियर में 13 रोटरी क्लब है, लगभग 5000 लोग इस कैम्प का लाभ ले सके इसीलिए सभी क्लब अलग अलग स्थानो पर कैम्प लगाएंगे, कैम्प मे लोगों को डायबिटीज के बारे मे जागरूकता और पेशेंट को परामर्श दी जाएगी, साथ मे बिरला हॉस्पिटल की एक निःशुल्क ह्क्ष्क्ष और पैथोलॉजी जाँच मे 50त्र का डिस्काउंट दिया जायेगा।

# विधायक डॉ. सिकरवार ने शासकीय स्कूलों में पानी, प्रकाश व पंखों के न होने को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**ग्वालियर।** 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखे पत्र में कहा है कि मेरे द्वारा समय समय पर विधानसभा क्षेत्र 16 ग्वालियर पूर्व के विभिन्न वार्डो का भ्रमण किये जाने के दौरान शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के पालकों द्वारा कई विद्यालयों में प्रकाश, पानी, पंखों की समुचित व्यवस्था न होने से बच्चों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया है। पालकों द्वारा यह भी बताया गया कि इन समस्याओं के संबंध में विद्यालय प्राचार्य एवं संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दिये जाने के बाद भी इन समस्याओं का निराकरण न होने से कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतः आपसे आग्रह है कि शासकीय विद्यालयों में पानी, बिजली, हवा आदि मौलिक सुविधाये उपलब्ध कराये जाने हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित कर उक्त व्यवस्थायें दुरूस्त करवायें तथा शिक्षकों के लिये बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के लिये संबंधितों को निर्देशित करने का आग्रह है।

# ऊर्जा मंत्री तोमर की पहल पर निशुल्क मोतियाबिंद शिविर अब 4 दिसम्बर तक

ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की पहल पर सिविल अस्पताल हजीरा में लगाये गए मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन शिविर का लाभ बडी संख्या में आम नागरिक ले रहे है। आज दिनांक 24 नवम्बर तक 158 मोतियाबिंद के निशुल्क सफल ऑपरेशन हो चुके हैं। इसके साथ ही लगभग 1 हजार से अधिक बुर्जुगों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। जिनका ऑपरेशन नेत्र परीक्षण कर आगें किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री तोमर की पहल पर सिविल अस्पताल हजीरा में मोतियाबिंदि का निषुल्क ऑपरेषन षिविर 14 नवम्बर से 24 नवम्बर तक आयोजित किया गया था। जिसको बडाकर अब 4 दिसम्बर 2022 कर दिया है। शिविर में आखों का ऑपरेशन कराने वाले बुजुर्गों के लिये सभी व्यवस्थायंव ऊर्जा मंत्री तोमर के द्वारा की गई हैं। मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वाले बुजुर्गों के लिये सुबह शाम चाय-नास्ता एवं खाने की व्यवस्था के साथ साथ ऊर्जा मंत्री के सहयोगी रात दिन बुर्जुगों की सेवा कर रहे हैं। इसके साथ ही ऊर्जा मंत्री तोमर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑपरेशन कराने वाले बुजुर्गों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिये उपयुक्त् दवाइयां, उच्च क्वालिटी के लैंस एवं सर्दी को देखते हुए कम्बल आदि की सभी व्यवस्थायें करना सुनिश्चित करें।



# निःशुल्क नेत्र शिविर में 502 मरीजों का परीक्षण

आशा देवी जैन नि शुल्क नेत्र शिविर विरला नगर ग्वालियर में 502 नेत्र रोगियों का परीक्षण कर 196 मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु मरीजों का चयन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ अग्रवाल महासभा ग्वालियर के अध्यक्ष अशोक गोयल, सुप्रसिद्ध समाज सेवी,व्यवसायी विजय गर्ग, नरेंद्र सिंघल मोहन गर्ग ने किया चयनित मरीजों का परीक्षण एवं लैन्स प्रत्यारोपण रत्न ज्योति चेरिटेबल ट्रस्ट के डाक्टर भसीन एवं टीम व्दारा किया गया इस अवसर पर अशोक जैन, राम बाबू अग्रवाल, सतेन्द्र गुप्ता, मुकेश सिंघल उपस्थिति थे।इस अवसर पर जैन मिलन महिला मण्डल की शीला जैन एवं साथियों व्दारा शाल श्रीफल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## ग्वालियर के मूक बधिर तैराक राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने जायेंगे

ग्वालियर । मध्यप्रदेश बधिर तैराकी दल के तत्वाधान में आगामी 27 नवंबर तक नीमच मप्र में और 14 से 19 तक इंदौर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बधिर स्पर्धा में ग्वालियर के प्रतिभागी भी भाग लेंगे। इनमें बधिर खिलाडी मुकेश चौबे, धीरज गोयल तैराकी स्पर्धा में और ग्वालियर बधिर सोसायटी के सचिव आलोक मिश्रा के लिए आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में शामिल होंगे। सभी प्रतिभागी सोसायटी के अध्यक्ष केशव कुमार श्रीवास्तव , मध्यप्रदेश बधिर क्रीडा समिति के नेतृत्व में नीमच के लिए रवाना होंगे।

# लोक धन के अपव्यय को रोकने और वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता में लेखा परीक्षा की भूमिका महत्वपूर्णः राज्यपाल पटेल

## लेखा परीक्षा सप्ताह समापन समारोह को राज्यपाल पटेल ने किया संबोधित

**ग्वालियर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि लोक धन के अपव्यय को रोकने संबंधी व्यवस्थाओं के अनुपालन में और सभी प्रकार के वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता सुनिश्चित कराने में लेखा परीक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेखा परीक्षा विभाग का 160 वर्षों का समृद्ध और गौरवशाली इतिहास है। राज्यपाल पटेल ने शुक्रवार को लेखा परीक्षा सप्ताह के समापन समारोह को वर्चुअली संबोधित किया। राज्यपाल श्री पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने लेखा परीक्षा विभाग के गौरवशाली इतिहास के सम्मान में गत वर्ष से 16 नवम्बर को लेखा परीक्षा दिवस के रूप में मनाने की पहल की है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्रमुख विशेषता विधायिका सहित उसके सभी प्रमुख अंगों में सामंजस्य बनाए रखना है। लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संसद और राज्य विधान सभाओं के लिए सरकार और अन्य सार्वजनिक प्राधिकरण की सार्वजनिक धन के व्यय सम्बन्धी जवाबदारी तय करने और इस सम्बन्ध में जानकारी जन-साधारण को उपलब्ध कराने के महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया जाता है। वास्तव में लेखा परीक्षा विधायिका के प्रति प्रशासन



की जवाबदेही लागू करने का उपकरण होकर वित्तीय प्रशासन पर विधायी नियंत्रण का महत्वपूर्ण साधन है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि ऑडिट के कठोर मानकों का पालन अधिक सावधानी के साथ किया जाना चाहिए, जिससे ऑडिट के दौरान नुकसान के अनुमानों अथवा बाहरी आंक?ों के कारण ऑडिट की अखंडता प्रभावित नहीं हो। राज्यपाल पटेल ने कहा कि लेखा परीक्षा और लेखा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपने दायित्वों का सफल निर्वहन, संवैधानिक कर्त्तव्यों और सौंपी गयी जिम्मेदारियों को हमेशा सचेत रहते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करना ?रूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संसाधनों का उपयोग गरीबों और ?रूरतमंदों के हित में प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने में लेखा परीक्षा के अधिकारी-कर्मचारियों की महती भूमिका है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी सबसे निर्धन लोगों की सेवा करने और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए पारस्परिक सहानुभूति से भरपूर सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने लेखा परीक्षा के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनका सहयोग विकास की वर्तमान गति को और तेज करने, समाज के वंचित वर्गों के कल्याण और राष्ट्र-निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होगा। प्रधान महालेखाकार सुश्री गीताली तारे ने स्वागत भाषण दिया। प्रधान महालेखाकार श्री डी. साहू ने आभार माना।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478